वर्ष- 21 अंक - 207 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 10 जनवरी 2026

# ईरान में सेना ने बिछाई लाशें सिर्फ तेहरान में ही 217 मौतों का दावा

शनिवार ● एजेंसी

ईरान में इस्लामी शासन के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों ने विकाराल रूप ले लिया है। ईरानी सरकार के निर्देश पर सुरक्षाबलों द्वारा कई जगहों पर गोलीबारी करने की बात सामने आ रही है। तेहरान के एक डॉक्टर ने पहचान नहीं उजागर करने की शर्त पर बताया कि ईरान में गोलीबारी में बड़ी तादाद में मौतें हुई हैं। अकेले राजधानी तेहरान के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि प्रदर्शनकारियों पर गोली मत चलाना, वरना हम भी गोलीबारी शुरू कर देंगे और हम ऐसी जगह मारेंगे जहां दर्द सबसे ज्यादा होगा।



ट्रंप ने दी धमकी– जहां दर्द होगा वहां मारेंगे

## मादुरो की तरह पुतिन को भी पकड़ने का आदेश देंगे ट्रंप?

वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो की तरह क्या रूसी राष्ट्रपति पुतिन को भी ट्रंप उठाकर ले जाएंगे। यह सवाल जब एक पत्रकार ने किया तो ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि ऐसा करने की जरूरत होगी। पुतिन से मेरे अच्छे रिश्ते हैं।

## पाकिस्तान ने ट्रंप से कहा– नेतन्याहू को उठाकर ले जाओ

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ कह रहे हैं कि अमेरिका को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को किडनैप कर लेना चाहिए। अमेरिका ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा कर लिया था।

# आधी रात घर छोड़ भागे लोग सड़क और मकानों में आई दरारें

शिमला ● एजेंसी

हिमाचल की राजधानी शिमला के चलौंठी में देर रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब 6 मंजिला रिहायशी मकान में अचानक बड़ी दरारें दिखाई देने लगीं। हालात को देखते हुए प्रशासन ने रात 10 बजे मकान को खाली करवाया। इस इमारत में रह रहे 15 परिवारों को कड़ाके की ठंड में अपने बच्चों और बुजुर्गों के साथ सड़क पर आना पड़ा। कुछ देर बाद ही एक होटल समेत कई अन्य मकानों को भी खाली करवाया गया। इससे होटल में ठहरे टूरिस्ट भी सड़कों पर आ गए। मकान और होटल के साथ-साथ ढली-संजौली बाईपास सड़क में भी दरारें आ गईं। इसे देखते हुए प्रशासन ने देर रात ही इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोक दी और मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया। टनल निर्माण के दौरान ब्लास्टिंग और बड़ी-बड़ी मशीनों के इस्तेमाल से घरों तक वाइब्रेशन हो रही है।



## रईसजादे ने नशे में 16 लोगों को कुचला, एक की मौत; 15 घायल

**जयपुर.एजेंसी।** जयपुर में शुक्रवार रात तेज रफ्तार लग्जरी ऑडी कार ने सड़क किनारे चल रहे लोगों और ठेलों को कुचल दिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागते नजर आए। कार में कुल चार लोग सवार थे और सभी के नशे में होने की आशंका है।

## आज से तीन दिन गुजरात में रहेंगे मोदी

**अहमदाबाद.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 जनवरी तक तीन दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सोमनाथ, राजकोट, अहमदाबाद और गांधीनगर में कई अहम कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। दौरे में जहां एक ओर सोमनाथ मंदिर में पूजा और धार्मिक आयोजनों में भागीदारी होगी, वहीं दूसरी ओर वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन, अहमदाबाद मेट्रो के दूसरे चरण का उद्घाटन और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता भी शामिल है।

## फडणवीस को झूठे केस में फंसाने की साजिश का खुलासा

**ठाणे.एजेंसी।** ठाणे नगर पुलिस थाने में साल 2016 में दर्ज एक पुराने मामले को दोबारा खोलकर तत्कालीन विपक्ष के नेता और मौजूदा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को झूठे केस में फँसाने की कथित साजिश का खुलासा हुआ है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में इस साजिश के लिए पूर्व डीजीपी संजय पांडे समेत तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की सिफारिश की गई है।

## 10 महीने के बेटे को जहर देकर मां ने भी की आत्महत्या

**हैदराबाद.एजेंसी।** हैदराबाद में पारिवारिक झगड़ों के कारण एक महिला सुषमा ने अपने 10 महीने के बेटे को जहर पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं इसके बाद उसने खुद भी जान दे दी। दोनों का शव घर के कमरे से बरामद किया गया। 27 वर्षीय सुषमा की शादी चार साल पहले चार्टर्ड अकाउंटेंट यशवंत रेड्डी से हुई थी। पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच झगड़े चल रहे थे

## अमेरिका ने समुद्र में एक और टैंकर जब्त किया

**वॉशिंगटन।** कैरेबियन सागर में अमेरिकी सेना ने अब 'ओलिना' नाम के एक टैंकर को जब्त कर लिया है। इस तेल टैंकर को अमेरिकी नेवी और मरीन कमांडो ने रोका और जब्त कर लिया। दो दिन पहले, अमेरिका ने अटलांटिक में हाल ही में रूस के झंडे वाले एक ऑयल टैंकर को जब्त कर लिया था। 'ओलिना' 5वां टैंकर है, जिसे अमेरिकी सेना ने जब्त किया है।

## गौशालाओं में सैकड़ों गायों की मौत से हड़कंप

**महोबा.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के महोबा में गौशालाओं में सैकड़ों गायों की मौत से हड़कंप मच गया। आक्रोशित हिंदू संगठनों ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। शिवसेना, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौवंशों की हड्डियों के व्यापार का गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की।

## 11 को 1101 ट्रैक्टरों की रैली

**भोपाल.एजेंसी।** कल 11 जनवरी को भोपाल के जम्बूरी मैदान पर 1101 ट्रैक्टरों की रैली होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव मौजूद रहेंगे जो कृषि कल्याण वर्ष की शुरुआत करेंगे।

## मकान में आग, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**मुंबई.एजेंसी।** गोरेगांव (पश्चिम) स्थित भगत सिंह नगर इलाके में आज तड़के एक रिहायशी मकान में आग लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में 19 वर्षीय युवती और 12 वर्षीय किशोर भी शामिल हैं।

## शहीद बेटे की मूर्ति को ओढाया कंबल

**जम्मू.एजेंसी।** जम्मू कश्मीर से मां की ममता का एक दिल छूने वाला वीडियो सामने आया है। जहां देश की सीमा की रक्षा करते हुए शहीद हुए कांस्टेबल गुरनाम सिंह की मूर्ति पर उनकी मां ने कंबल ओढाया ताकि बेटे को ठंड न लगे।

**मकान की छत पर भाईचारे का पर्व आसमान में दुश्मनी का पर्व जो दिखे उसे काटो जो दिखे उसे खींचे**

**सागर ज्यूस की ओर से महत्वपूर्ण सूचना**

साल की शुरुआत का सबसे बड़ा त्यौहार मकर संक्रांति सागर ज्यूस सागर परिवार द्वारा पतंग महोत्सव के रूप में बड़े धूमधाम से सागर चौराहा मल्हारगंज गली नंबर तीन पर मनाया जाता है। सागर परिवार द्वारा इस महापर्व को भाईचारे के उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है। लेकिन इस साल चीन की जो डोर है जो काफी कुछ नुकसान कर रही है जो कि इंसानों से लेकर परिंदों तक हानि पहुंचा रही है। इस कारण सागर ज्यूस सागर परिवार ने इस साल पतंग महोत्सव कैंसिल कर दिया है, जब तक इस डोर का विकल्प नहीं आएगा तब तक सागर परिवार पतंग महोत्सव नहीं मनाएगा व इसमें स्वल्पाहार व आतिश बाजी भी पुराना बचपन का क्षेत्र रहा जो कि आज शहर में पतंगबाजी में मशहूर है उस त्यौहार को उत्साह के रूप में मनाते चले आ रहे थे पर इस त्यौहार पर जीव दया और शहर हित को ध्यान में रखकर हमने फिलहाल जब तक चीनी डोर का विकल्प नहीं आता है पतंग उत्सव नहीं मनाएंगे।

सागर जूस - राजू सागर, पुष्पक सागर, सागर परिवार

# युवा कांग्रेसियों ने कहा यह भूख हड़ताल नहीं, इंसाफ की आवाज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस के अमित पटेल के नेतृत्व में कल युवा कांग्रेस ने साप्ताहिक क्रमिक अनशन का आयोजन किया। पटेल ने कहा यह क्रमिक अनशन नहीं, अब यह एक सशक्त जन आन्दोलन का रूप ले चुका है। भागीरथपुरा में निर्दोष लोगों की जान दूषित पानी पानी से हो गई है और अभी भी कई लोग गंभीर रूप से बीमार है।



यह भी कहा कि यह आंदोलन मात्र विरोध नहीं, बल्कि मानवता, न्याय और प्रशासनिक जवाबदेही की निर्णायक लड़ाई है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई और मंत्री पद से कैलाश विजयवर्गीय को बर्खास्त किए जाने की मांग भी की गई। पूरी जांच उच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जाए। कार्यक्रम में जीतू पटवारी, हरीश चौधरी, उषा नायडू, यश घनघोरिया, अमित पटेल, राजेश चौकसे, अमन बजाज, अमित चौरसिया, अंकित दुबे, चेतन चौधरी, यश मेहता, बलवंत टटवाड़े, मोनिका मंडारे सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपा मंडल की संगठन गतिविधि बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 3 के सभी मंडल की बैठक आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर आयोजित की गई। सभी मंडल अध्यक्ष, विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्षद और पदाधिकारियों के अलावा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक गोलू शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा नेता चौधरी ने कराई मातृशक्तियों को महाकाल यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष शेखर चौधरी द्वारा वार्ड नंबर 52 की मातृशक्तियों को महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन की यात्रा पर ले जाया गया। किसान मोर्चा नगर उपाध्यक्ष शेखर चौधरी ने बताया कि पिताश्री की स्मृति में पिछले दो वर्ष से धार्मिक यात्रा करवाते हैं। इस बार 1200 महिलाओं को बस द्वारा महाकाल दर्शन के लिए ले जाया गया। खाती मोहल्ला धर्मशाला, मूसाखेड़ी से बड़ी धूमधाम से धार्मिक यात्रा रवाना हुई। इस



अवसर पर विधायक महेंद्र हार्डिया एवं वरिष्ठ समाजसेवी शैलेश त्रिपाठी, शंभूनाथ मिश्रा भी उपस्थित हुए। इस यात्रा के लिए मातृशक्तियों ने साधुवाद दिया। वहीं अन्य ने भी इस धार्मिक यात्रा की सराहना की।

## भाजपा नेता ने की फ्लायओवर मुद्दे पर भेंट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने कलेक्टर शिवम वर्मा और नेशनल हाइवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रदीप यादव से भेंट कर मशाल तिराहा पर फ़्लायओव्हर की माँग की और उन्हें बताया कि मशाल तिराहा पर आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है, क्योंकि यहां यातायात लगातार है। प्रदीप यादव को इस मुद्द्द पर पत्र भी सौंपा गया। पूर्व में पुरोहित ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी इस मामले को लेकर पत्र भेजा है।



## भाजपा पार्षद ने किया भूमिपजून

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 4 के वार्ड 83 स्थित स्कीम नं. 71, नए बोरिंग लाइन के भूमिपूजन में भाजपा पार्षद जीतू राठौर, अंकित चावड़ा, रणजीत राजपूत, अंकित परवाल, हर्ष बाथलिया, बाबूसिंह चौहान, संगीता पाटोदी सहित अन्य मौजूद थे।

## भागीरथपुरा के मृतकों को न्याय दिलाने के लिए बैठक



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मां नर्मदा के जल के नाम पर नर्मदा मैया को कलंकित कर भागीरथपुरा के निवासियों को दूषित एवं गंदा पीने का पानी इंदौर नगर निगम द्वारा कई लोगों की जान गंवाने वाले लोगों को न्याय दिलाने हेतु विधानसभा वार बैठक की श्रृंखला में कल विधानसभा चार के वार्ड 83, 72, 65, 66 सहित अन्य में बैठक के आयोजन किए गए। प्रभारी शैलेष गर्ग ने बताया कि अलग-अलग वार्डो की बैठक में अलग-अलग कांग्रेसी मौजूद रहे। वार्ड 83 में पूर्व विधायक रवि जोशी, शैलेष गर्ग, सुधीर सेठिया, दीपक सेठिया, पप्पू मालवीय, अजय ठक्कर, जतिन थोरात, बिट्टू शर्मा, ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, राजेश गावड़े, हापु तिवारी, दीपक सेठिया, अखिलेश महेश्वरी, प्रदीप शुक्ला, दिनेश जोशी, सुरेश वर्मा, सुधा मिश्रा, राजीव शर्मा। वार्ड 72 में रवि जोशी, शैलेष गर्ग, पवन जैन प्रवीण पाटनी, अजय ठक्कर, धर्मेन्द्र ठाकुर, प्रकाश पटेल, प्रहलाद महावर, नरसिंह कुण्डलवाल, बिट्टू शर्मा, उपस्थित थे।

## जैन के यहां पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस प्रवक्ता आनन्द कासलीवाल के पुत्र प्रखर कासलीवाल की कल दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और संवेदना व्यक्त की। जीतू पटवारी, हरीश चौधरी, उषा नायडू, राजेश चौकसे, अमित चौरसिया सहित अन्य मौजूद थे।

## उपमुख्यमंत्री ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बच्चे की उंगली एमवाय में कटने के मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिशु का सर्वोत्तम उपचार हो उसके भी दिशा-निर्देश दिए हैं।

## पम्पलेट बांटकर जनजागरण अभियान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेसियों ने कल 11 जनवरी को निकलने वाली न्याय यात्रा को लेकर विधानसभा 4 के सिंधी कॉलोनी, खातीवाला टैंक, बैराठी कॉलोनी, जयरामपुर कॉलोनी, पलसीकर चौराहा, छत्रीबाग, छत्रीपुरा सहित अन्य क्षेत्रों में घूमकर जन-जागरण अभियान चलाया और पंपलेट बांटकर आम जनता से न्याय यात्रा में शामिल होने की अपील की। चाय की चौपाल भी लगाई। प्रमुख रूप से सन्नी राजपाल, देवेन्द्रसिंह यादव, सुनील यादव, गिरिश चितले, हिमांशु यादव, नितेश भारद्वाज, सोमिल सूद, सुनील मित्तल, दीपक तंवर, मनोज जेठानी, यशपाल गहलोद, अजय शर्मा, लखन परसवानी सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस नेता कर रहे हैं न्याय यात्रा मार्ग का दौरा

## आज कांग्रेस की कई बैठकें, फोन भी शुरू, राहुल गांधी नहीं आएंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस ने भागीरथपुरा में हुई दूषित पानी से मौत और वहां लोगों के बीमार मुद्दे पर कमर कस रखी है और विपक्ष की भूमिका कांग्रेस निभा रही है। कांग्रेस कल दोपहर 12 बजे बड़ा गणपति से न्याय यात्रा निकाल रही है। कांग्रेसियों को उम्मीद थी कि लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी आएंगे, लेकिन राहुल गांधी नहीं आ रहे हैं इसकी पुष्टि भी की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि कल की न्याय यात्रा को लेकर आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता वहां की जाने वाली पार्किंग और यात्रा मार्ग के रूट का दौरा कर रहे हैं। उषा नायडू, रवि जोशी, संजीव सक्सेना, चिंटू चौकसे, अमन बजाज, दीपू यादव, शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल सहित अन्य मौजूद है। कांग्रेस कल की न्याय यात्रा को लेकर सजग है, गत तीन दिनों से हर विधानसभा के वार्डों में बैठक के दौर चल रहे हैं। वहीं आज भी दोपहर 12.30 बजे विधानसभा 3 की बैठक हो रही है। वहीं विधानसभा 1 की बड़ी बैठक आज शाम 5 बजे दीपू यादव कराएंगे, जिसमें भी चिंटू चौकसे सहित प्रभारी भी पहुंचेंगे। चिंटू चौकसे ने बताया कि गांधी भवन से भी फोन लग रहे हैं, हर विधानसभा के हर वार्डों से भी फोन लगाए जा रहे हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग कल की न्याय यात्रा में पहुंच सके।

### रैली की परमिशन अभी तक नहीं आई

**बताया जा रहा है कि अभी तक कल निकलने वाली बड़ा गणपति से कांग्रेस की बड़ी न्याय यात्रा की स्वीकृति पुलिस प्रशासन से नहीं आई है। इस मामले में जब शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे से पूछा तो उनका कहना है कि आज परमिशन आ जाएगी, जब उनसे कहा कि अगर परमिशन नहीं आई तो, उनका कहना था कि परमिशन नहीं भी आई तो हम रैली निकालेंगे।**

### बड़े नेताओं का आना शुरू

कल की रैली के लिए कांग्रेस के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, सहप्रभारी उषा नायडू, संजय दत्त, संजीव संक्सेना, रवि जोशी पहले से इंदौर में मौजूद है। वहीं दिग्विजय सिंह, विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार, युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब सहित कई विधायक भी कल की रैली में मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस ने अपने प्रादेशिक पदाधिकारियों को भी इस रैली के लिए निर्देशित किया है। प्रदेश कांग्रेस के और भी बड़े नेता आ सकते हैं। उनमें कांतिलाल भूरिया, अजय सिंह, युवक कांग्रेस के प्रादेशिक अध्यक्ष यश घनघोरिया भी शामिल है।

### विधानसभा 4 से 2 हजार लोगों का टारगेट

विधानसभा 4 के प्रभारी शैलेष गर्ग ने बताया कि विधानसभा के 13 वार्डों से 2 हजार कांग्रेसियों और रहवासियों का लक्ष्य कल निकलने वाली न्याय याता के लिए रखा गया है। कल वार्ड 66 में अभय वर्मा ने बैठक ली थी और यहां से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों को निकालने का लक्ष्य रखा गया।

### जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे

अखिल भारतीय जमीनी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को आगे ला ओ मिशन के संस्थापक जीतू दीवान ने बताया कि संस्था के सभी जुड़े सदस्यों और पदाधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वे कल कांग्रेस की न्याय यात्रा में बड़ा गणपति पर सुबह 11 बजे पहुंचकर शामिल होवे।



## सीतलानी का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था शौर्य नमन के तत्वावधान मे म.प्र. कांग्रेस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर अजय नारायण सीतलानी का अभिनंदन किया गया। दिलीप राजपाल, डॉ. अर्चना जायसवाल, विकास जोशी, मनोहरसिंह तोमर, अशोक सिंधु, प्रकाश व्यास, विजय पुणेकर, अजीत विश्वनार, महेश बाबू, संजय चौबे, सुधा मिश्रा, सोनाली मिमरोट, श्याम पांडे, शैलेंद्र पाराशर, भावना तुंगारे, सुधा भंडारी मौजूद थे।

## समाजवादी पार्टी आज दोपहर विजयवर्गीय का कार्यालय घेरेगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। समाजवादी पार्टी ने आज दोपहर 1 बजे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का किला मैदान स्थित कार्यालय घेरने की घोषणा की है। समाजवादी पार्टी का कहना है कि विजयवर्गीय की विधानसभा क्षेत्र भागीरथपुरा में खराब पानी पीने से निर्दोष लोगों की जान गई है और सत्ता के भारीपन से उनके बोलवचन भी खराब हो चुके हैं उन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए और नैतिकता के नाते उन्हें ही मंत्री और विधायक से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री यादव की पुण्यतिथि पर सम्मान आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सत्य शोधक समाज अंतराष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव यादव काका ने बताया कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद यादव की पुण्यतिथि 12 जनवरी को उन्हें याद कर पुष्पांजलि आयोजित की जाएगी। इस दिन ओबीसी पिछड़ा वर्ग समाज में जागरूकता पैदा करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## दिग्विजय सिंह शाम को आएंगे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस नेता सुरजीतसिंह चड्डा, सुवेग राठी, नासिर खान ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद दिग्विजय सिंह आज भोपाल से निकल चुके हैं और वे सीधे पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन के निवास कासेल, राजपुर पहुंचकर वहां उनकी बेटी के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे और शाम 7 बजे इंदौर पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम रेसीडेंसी कोठी पर किया जाएगा। कल कांग्रेस की भागीरथपुरा मुद्दे पर निकलने वाली न्याय यात्रा में वे दोपहर 12 बजे बड़ा गणपति पर शामिल होंगे। कल शाम 5 बजे वे इंदौर से निकलकर भोपाल जाएंगे।



## सरकार की उपलब्धियां बताई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष अमित चौहान ने स्कूल कॉलेज के कैंपस में जाकर नव मतदाताओं का रजिस्ट्रेशन किया और भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताई। यह अभियान कल के बाद आज भी जारी रखा जाएगा।

## प्रभारी का स्वागत करने सहप्रभारी और विधानसभा प्रभारी भी पहुंचे



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी कल 11 जनवरी को निकलने वाली न्याय यात्रा रैली के लिए इंदौर आए, तो उनका विमानतल पर स्वागत करने प्रदेश की सहप्रभारी उषा नायडू और देपालपुर विधानसभा के प्रभारी मोतीसिंह पटेल सहित अन्य कांग्रेसी भी पहुंचे।

# रियल टाइम वॉटर ऑडिट तत्काल लागू हो-पटवारी

## निगम की लापरवाही ने शहर को संकट में धकेल दिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, सहप्रभारी उषा नायडू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित अन्य ने कल मीडिया से चर्चा की और कहा कि पूर्व महापौर कैलाश विजयवर्गीय के कार्यकाल से लेकर वर्तमान महापौर पुष्यमित्र भार्गव तक ने इंदौर के विकास के नाम पर लगभग 1 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए। फिर आज इंदौर को एक गिलास साफ पानी क्यों नसीब नहीं हो रहा। शहर के नलों से जहर बह रहा है और जनता उसे पीने को मजबूर है। कांग्रेस मां नर्मदा का अमृत जल लेकर आई थी, भाजपा ने उसे ज़हर में बदल दिया। आज इंदौर बदहाली, बीमारी और भय के दौर से गुजर रहा है। इसकी सीधी जिम्मेदारी भाजपा की निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को है। जीतू पटवारी ने रियल टाइम वॉटर ऑडिट तत्काल लागू करने की मांग करते हुए कहा कि 'इंदौर नगर निगम की लापरवाही ने शहर को स्वास्थ्य संकट में धकेल दिया है। भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों और शासन की लापरवाही के मामले की जाँच रिटायर्ड चीफ जस्टिस की निगरानी में होना चाहिए। कांग्रेस के नेताओं ने मांग की कि दोषी अधिकारियों और महापौर पर गैर-इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाए, साथ ही मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार 1-1 करोड़ रुपये मुआवज़ा दे। उन्होंने कहा कि नगर निगम कचरा गलत डिब्बे में डालने पर आम नागरिकों का चालान बनाती है, लेकिन मल-मूत्र से दूषित जल पिलाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। यह अंधेर नगरी और चौपट राजा है जैसी कहावत को चरितार्थ करता है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम से शुरू हुई मनरेगा योजना की मोदी सरकार ने सुनियोजित हत्या कर दी है। कृषि व्यवस्था चरमरा चुकी है, बेरोज़गारी आसमान छू रही है, आर्थिक असमानता बढ़ रही है, प्रदेश के पर्यावरण में हवा और पानी दोनों ज़हरीले होते जा रहे हैं। ऊपर से भाजपा नेताओं की जहरीली जुबान समाज को और विषक्त कर रही हैं। उन्होंने जल सुरक्षा स्वास्थ्य कानून लागू करने और नागरिकों को स्वच्छ जल को मौलिक अधिकार का दर्जा देने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ ही सभी नेताओं ने कांग्रेस द्वारा 11 जनवरी को बड़े गणपति से राजबाड़ा तक निकलने वाली न्याय यात्रा में शहर की जनता से अधिक संख्या में शामिल होकर सरकार के खिलाफ लोकतांत्रिक विरोध दर्ज कराने की अपील की।

# हालात सुधरने लगे तो अब फिर महापौर ने शुरू किया भागीरथपुरा का दौरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रातः भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में निगम द्वारा किए जा रहे जलप्रदाय एवं सीवरेज लाइन संधारण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।**

अब जब भागीरथपुरा में हालात सामान्य होने लगे हैं तो फिर से महापौर का दौरा शुरू हो गया है। वे पिछले 5 दिन से वहां नहीं जा रहे थे। आज महापौर एवं आयुक्त द्वारा




भागीरथपुरा क्षेत्र में जलप्रदाय व्यवस्था एवं सीवरेज लाइन में हो रहे लीकेज से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलप्रदाय में किसी भी प्रकार की बाधा न आएं, इसके लिए लीकेज की पहचान कर तत्काल सुधार कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सीवरेज लाइन की नियमित सफाई, मरम्मत एवं संधारण कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में



पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

भार्गव ने कहा कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना तथा सीवरेज व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ गति भी बनाए रखी जाएं तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था कर कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। सिंघल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्रीय नागरिकों से सतत संवाद बनाए रखते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने यह कहा कि जलप्रदाय एवं सीवरेज से संबंधित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई कर भविष्य में ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो।



# भागीरथपुरा के दौरे पर पहुंचे दोनों एसीएस




## स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर की चर्चा, पानी की टंकी से व्यवस्था देखी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश सरकार के द्वारा इंदौर भेजे गए दोनों अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई और अनुपम राजन आज सुबह भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा करने के लिए पहुंचे। उन्होंने वहां जाकर पहले स्वास्थ्य केंद्र पर चर्चा की फिर पानी की टंकी की व्यवस्था को देखा।

दोनों अपर मुख्य सचिव के द्वारा कल रात को मीटिंग लिए जाने के बाद ही यह स्पष्ट कर दिया गया था कि वह आज सुबह भागीरथपुरा का दौरा करेंगे। शेड्यूल के हिसाब से तो यह दौरा सुबह 6:30 से होना था। ठंड और मौसम की नजाकत को देखते हुए दोनों अधिकारी तीन घंटे विलंब से 9:30 बजे दौरा करने के लिए भागीरथपुरा में पहुंचे। इस मौके पर कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंगल वहां पर मौजूद थे। इन दोनों अधिकारियों ने दोनों एसीएस को भागीरथपुरा क्षेत्र का दौरा कराया। इस दौर की शुरुआत 24 घंटे चलाए जा रहे स्वास्थ्य केंद्र से की गई। इस स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर इन दोनों अधिकारियों के द्वारा यह जानकारी ली गई कि वहां पर अभी कितने लोग हर दिन आ रहे हैं और किस तरह की समस्याएं बता रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर दबाव की उपलब्धता की स्थिति जानने के पश्चात यह अधिकारी स्वास्थ्य केंद्र से रवाना हुए। वहां से निकलकर यह लोग भागीरथपुरा की पानी की टंकी पर पहुंचे। आज जाकर उन्होंने टंकी से सप्लाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कल शाम को जब इस टंकी से सप्लाई किया गया था तब लोगों के घरों तक कैसा पानी पहुंचा और उस पानी के कितने नमूने संग्रहित किए गए हैं, यह जानकारी इन अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों से प्राप्त की। इस दौरे के दौरान इन अधिकारियों से क्षेत्र के रह वासियों के द्वारा भी संवाद किया गया। इन रह वासियों ने अपनी समस्याओं की जानकारी भोपाल से आए अधिकारियों को दी। इसके साथ ही इन र वीडियो के द्वारा उन्हें दैनिक जीवन में आ रही समस्याओं के बारे में भी इन अधिकारियों को बताया गया।

# फिर तापमान ने गोता लगाया, तेज ठंड पड़ी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कल रात में एक बार फिर इंदौर के तापमान में नीचे की तरफ गोता लगा लिया। जिसके परिणाम स्वरूप शहर में तेज ठंड की स्थिति बन गई।**

कल रात में इंदौर का न्यूनतम तापमान गिरकर 6.9 डिग्री सेल्सियस हो गया। यह तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। परसों की रात में इंदौर का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह से इस तापमान में 2.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। इसके साथ ही हवा की गति में एक बड़ा बदलाव आ गया है। परसों रात में जहां हवा 19 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही थी तो वही कल रात में हवा की गति 22 किलोमीटर की हो गई। एक तरफ तापमान गिरने और दूसरी तरफ हवा की गति बढ़ जाने का परिणाम यह हुआ कि कल रात में शहर के नागरिकों को तेज ठंड का एहसास हो रहा था। कल दिन में अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। जो की सामान्य तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। जबकि परसों भी यह तापमान इतना ही था। आज सुबह 8:30 बजे इंदौर शहर का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस था जबकि इस समय पर आद्रता 82% बनी हुई थी। कल सुबह इसी समय पर यह तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस था जबकि आद्रता 74% ही थी। इस तरह से आज सुबह के तापमान में भी गिरावट की स्थिति रही है तथा आद्रता बढ़ गई है जिसके कारण आज दिन के समय के तापमान में भी गिरावट आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# हंस ट्रेवल्स के बस चालक की दबंगई

## नो एंट्री में वाहन घुसाया, रोकने पर ट्रैफिक जवान से बदसलूकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**आज़ाद नगर थाना क्षेत्र में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी के साथ दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। हंस ट्रेवल्स के बस चालक ने न केवल प्रतिबंधित समय में बस को नो एंट्री जोन में प्रवेश कराया, बल्कि रोकने पर ट्रैफिक जवान के साथ गाली-गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की।**

पुलिस के मुताबिक, घटना तीन इमली ब्रिज के पास स्थित नो एंट्री पॉइंट की है। पूर्वी ट्रैफिक थाने में पदस्थ आरक्षक लालसिंह पिता भुवनसिंह मुनिया वहां वाहनों के सुचारू संचालन के लिए ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान हंस ट्रेवल्स की एक बस क्रमांक एआर-11 डी 6500 वहां पहुँची। बस चालक सलमान खान निवासी कुक्षी, जिला धार ने बस को जबरदस्ती नो एंट्री जोन में घुसाने का प्रयास किया। जब आरक्षक लालसिंह ने बस को रोका और चालक को नियम का उल्लंघन करने की बात कही, तो चालक सलमान खान भड़क गया। आरक्षक ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि चालक ने उनके साथ सरेराह गाली-गलौज शुरू कर दी और बदतमीजी पर उतारू हो गया। आरोपी ने पुलिसकर्मी को अपना काम करने से रोका और माहौल खराब करने की कोशिश की। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को हिरासत में लिया। आज़ाद नगर पुलिस ने आरक्षक लालसिंह की शिकायत पर आरोपी बस चालक सलमान खान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# घाट पर कंटेनर पलटा तो चपेट में आए बाइक सवार की मौत

## एक गंभीर घायल





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मानपुर थाना क्षेत्र के भेरूघाट पर आज सुबह एक बड़ा कंटेनर पलटी खा गया, इस कंटेनर के समीप ही एक मोटरसाइकल चल रही थी, जो कंटेनर पलटने से मोटर सायकल चपेट में आ गई। बाइक पर दो व्यक्ति बैठे थे, जिसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक गंभीर घायल हो गया। मृतक और घायल की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मानपुर का कहना है कि वाहन के आधार पर पहचान की जा रही है। अभी तो घायल को इलाज के लिए इंदौर रैफर किया गया है। बड़ा कंटेनर पलट जाने से घाट पर जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस खुलवाने की जुगत करती दिखी। उल्लेखनीय है कि कंटेनर काफी बड़ा था इसलिए रोड पर दोनों ओर से जाम लग गया।

# वैष्णो देवी युवा मंडल का कल हल्दी कंकू आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मां वैष्णो देवी भक्त युवा मंडल द्वारा 11 वर्षों से मां वैष्णो देवी यात्रा निकाली जा रही है और हल्दी कुमकुम का आयोजन भी किया जाता है। कल रविवार दोपहर 1 बजे एमआईजी थाना के पीछे मंदिर के पास हल्दी कंकु का आयोजन होगा। धर्मेन्द्र जोशी, दिलीप सोलंकी, सचिन नरवरिया, राजू शर्मा, महेश पालीवाल, अतुल बंसल, आलोक तिवारी, विवेक शुक्ला, रितेश बाफना, डॉ. आलोक डोलिया, सलीम शेख, गिरीश जैन, काशी मिश्रा, मुकेश पीपाड़ा, रोशनी जोशी, पूनम वर्मा अपनी भूमिका निभाएंगे।

# शहर की 105 टंकी में लगाएंगे इलेक्ट्रॉनिक वॉटर एनालाइजर

## भागीरथपुरा के हर घर में सभी बीमारियों का करेंगे सर्वे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राज्य सरकार के द्वारा इंदौर भेजे गए अपर मुख्य सचिव ने फैसला लिया है कि इंदौर शहर की सभी 105 पानी की टंकी पर इलेक्ट्रिक वॉटर एनालिसिस लगाया जाएगा। भागीरथपुरा की घटना से सबक लेते हुए अब इंदौर में पानी की निरंतर जा-च होगी। भागीरथपुरा के हर घर में सभी बीमारियों का सर्वे करने का अभियान चलेगा।

यह सभी फैसले अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग राजन और नीरज मंडलोई के द्वारा कल संभाग आयुक्त कार्यालय में ली गई अधिकारियों की बैठक में लिए गए। इस बैठक में बताया गया कि इंदौर की घटना को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के द्वारा आज से पूरे प्रदेश में शुद्ध जल अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश के हर शहर, जिले और कस्बे में लोगों को शुद्ध पानी देना सुनिश्चित किया जाएगा।

भागीरथपुरा की स्थिति की समीक्षा करते हुए यह फैसला लिया गया है कि अब पूरे भागीरथपुरा क्षेत्र को 25 सेक्टर में विभाजित किया जाएगा। हर सेक्टर के लिए अलग टीम गठित की जाएगी। इस टीम के माध्यम से अब एक बार फिर भागीरथपुरा के हर घर का सर्वे किया जाएगा। इस सर्वे के माध्यम से यह देखा जाएगा कि किस-किस घर में कौन-कौन नागरिक कौन-कौन सी बीमारियों से पीड़ित है। अब इस पूरे क्षेत्र में राज्य सरकार के द्वारा लोगों के खोए हुए विश्वास को वापस हासिल करने के लिए ऑपरेशन विश्वास शुरू किया जाएगा। इस बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए दोनों अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि इंदौर शहर में नगर निगम के द्वारा 105 टंकी के माध्यम से जल प्रदान किया जाता है। अब राज्य सरकार के द्वारा इनमें से हर टंकी पर इलेक्ट्रिक वॉटर एनालिसिस लगाया जाएगा। जिसमें की कंप्यूटर के माध्यम से पानी की गुणवत्ता की जांच का कार्य निरंतर किया जाएगा। इसके माध्यम से यह निश्चित किया जाएगा की लोगों को हर दिन बराबर और शुद्ध पानी मिल सके। राज्य सरकार के द्वारा आज से शुद्ध जल अभियान पूरे प्रदेश में शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से सभी नागरिकों को शुद्ध जल उपलब्ध करना सुनिश्चित किया जाएगा।

### 2 घंटे तक की समीक्षा

उक्त दोनों अधिकारियों के द्वारा कल शाम को 7 बजे से लेकर 9 बजे तक 2 घंटे तक समीक्षा बैठक ली गई। इस बैठक में जिला प्रशासन नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में भागीरथपुरा की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई और वहां पर अब तक किए गए काम के बारे में भी विस्तार से बताया गया। बैठक में संभाग आयुक्त डा सुदाम खाड़े के साथ ही कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल भी शामिल हुए। इस बैठक में नगर निगम की ओर से अब पानी का काम देखने के लिए नियुक्त किए गए अपर आयुक्त ने भी भाग लिया। पानी के सैंपल की जांच करने वाले एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन ने भी बैठक में अब तक हुए भागीरथपुरा के सैंपल की जा-च की स्थिति की जानकारी दी।

## भागीरथपुरा में 20 लोगों की मौत के बाद अब इंदौर में होगी पानी की निरंतर जांच

### अब मुख्यमंत्री कार्यालय ने संभाला मोर्चा

भागीरथपुरा के इस घटनाक्रम में अब प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यालय ने मोर्चा संभाल लिया है, जो दो अपर मुख्य सचिव कल भेजे गए हैं उसमें से एक मुख्यमंत्री कार्यालय के ही प्रभारी अपर मुख्य सचिव हैं। ऐसे में अब यह समझा जा रहा है कि इंदौर के घटनाक्रम और यहां होने वाले पूरे का-मकाज पर मुख्यमंत्री कार्यालय की नजर रहेगी।

# दूषित पानी की समस्या के लिए निगम की प्लम्बिंग पैनल भी जिम्मेदार

## पार्षद अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को दिलवाते ठेका
## शहर में नर्मदा के अवैध कनेक्शनों की हो जांच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में पिछले दो सप्ताह से दूषित पानी के सेवन से हुई मौत पर बवाल मचा हुआ है। अफसरों से लेकर राजनेता और सरकार के पास इन मौतों का जिम्मेदार कौन है इसका जवाब नहीं है।इस कांड में भले ही नगर निगम आयुक्त के साथ कर्मचारी की कुर्सी चली गई है लेकिन इसकी सबसे निचली कड़ी पर अब तक किसी का ध्यान नहीं दिया गया है जो की नर्मदा लाइनें से कनेक्शन देने का काम करती है नर्मदा लाइनों में लीकेज की मुख्य वजह नगर निगम जल यंत्रालय में नर्मदा कनेक्शन देने वाले प्लंबर ठेकेदार है जो की नर्मदा की लाइनों से घरों तक कनेक्शन देते हैं। शहर में दूषित पानी की जिम्मेदारी इन पर भी होनी चाहिए इसके अलावा शहर में नर्मदा के कनेक्शन और बिल भरने वालों की जांच की जाए तो यह साफ हो जाएगा की अवैध कनेक्शन ही नर्मदा के पानी को गंदा कर रहे हैं।

एक पूर्व पार्षद ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि सच्चाई यह है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों के पार्षद अपने कार्यकर्ता और समर्थकों को नर्मदा कनेक्शन का ठेका दिलवाते हैं यह पैनल नगर निगम जल यंत्रालय और पीएचई विभाग के साथ वार्ड अनुसार काम करती है, एक प्लम्बर ठेकेदार कई वार्डों में नर्मदा कनेक्शन करने का ठेका लेता है। पार्षद के साथ अच्छी साठ-गाठ होने के चलते अवैध कनेक्शन का खेल किया जाता है। सबसे अधिक कमाई कमर्शियल कनेक्शन को आवासीय कनेक्शन देने में होती है नर्मदा के 70 प्रतिशत कनेक्शन आवासीय है जबकि कई क्षेत्रों में आवासीय एवं कमर्शियल दोनों उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा नर्मदा कनेक्शन की साइज में भी साठगांठ की जाती है क्योंकि एक बार कनेक्शन होने के बाद दोब-ारा कोई जांच नहीं होती इसीलिए कनेक्शन के दौरान ही यह खेल किया जाता है।

उन्होंने ने कहा कि इसके अलावा शहर के श्रमिक एवं बस्ती क्षेत्र में नर्मदा कनेक्शन के लिए नगर निगम के प्लंबर एवं रसीद कटवाने का इंतजार भी नहीं किया जाता लाइन डालने के दौरान ही लोग अवैध कनेक्शन लाइनों से कर लेते हैं जिन्हें कनेक्शन करने का कोई तकनीकी ज्ञान नहीं होता उनके द्वारा मैनुअल तरीके से लाइनों में होल करके कनेक्शन किया जाता है। यह होल सही तरीके से नहीं होने से नर्मदा की लाइन में लीकेज बना देता है। इंदौर शहर को गन्दे पानी से मुक्ति दिलाने के लिए नर्मदा के पानी को दूषित करने वालों की असली जड़ प्लंबर ठेकेदारों को अनुशासन नियम अनुसार कड़े नियम कायदे नर्मदा कनेक्शन देने की व्यस्था निगम को बनानी होगी। यह व्यवस्था अभी पूरी तरह से निजी हाथों में है। नर्मदा लाइन से अवैध कनेक्शन करने वालों को जेल भेजने, ठेकेदारों द्वारा नर्मदा लाइन का कनेक्शन उपायुक्त लेवल के अधिकारी की मौजूदगी में होना चाहिए। इसके अलावा यह पूरी व्यवस्था ऑनलाइन की जानी चाहिए जि-सकी मॉनिटरिंग नगर निगम आयुक्त एवं अपर आयुक्त द्वारा की जाए यह सार्वजनिक रूप से पता होना चाहिए कि कहां किस लाइन से नर्मदा का कनेक्शन किस घर में किस व्यक्ति को दिया जा रहा है। वर्तमान में नर्मदा के कितने कनेक्शन है इसकी सूची वार्ड अनुसार ऑनलाइन बनाई जाए होटल हॉस्टल शॉपिंग मॉल आवासीय और कमर्शियल बिल्डिंग में कितने-कितने कनेक्शन है इसकी जांच भी होनी चाहिए। इंदौर नगर निगम को दूषित पानी से मुक्ति दिलाने के लिए किसी अभियान की जरूरत नहीं है क्योंकि नर्मदा का 100% शुद्ध पानी जलूद पम्पिंग स्टेशन से इंदौर तक आता है, लेकिन नर्मदा लाइन के लीकेज और ड्रेनेज लाइनों के लीकेज से पानी दूषित हो रहा है पूरा फोकस इनके संधारण एवं सुधार कार्य में किया जाना आवश्यक है।

> **नर्मदा कनेक्शन की व्यवस्था को ऑनलाइन करने की जरूरत**

# 48 वर्ष पुरानी दुकान ट्रस्ट को सौंपी

## महेन्द्र ट्रेडर्स के प्रहलाद गर्ग और आशीष गर्ग का हुआ सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

75 वर्षों से कपड़ा व्यवसाय में अपनी साख बनाए हुए इंदौर एवं सूरत की प्रतिष्ठित फर्म महेंद्र ट्रेडर्स के संचालक प्रहलाद गर्ग एवं आशीष गर्ग ने एक अनुकरणीय और अविस्मरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपनी 48 वर्ष पुरानी दुकान, जो कि महाराजा तुकोजीराव कपड़ा मार्केट, इंदौर में स्थित है, श्री अनंत जिनालय ट्रस्ट को निःस्वार्थ भाव से सौंप दी। उक्त दुकान मंदिर ट्रस्ट से पगड़ी पर ली गई थी, जिसे अब बिना किसी शुल्क के मंदिर विकास एवं औषधालय जैसे जनहितकारी कार्यों के लिए ट्रस्ट को समर्पित कर दिया गया है। इस पुनीत कार्य से समाज में सेवा, त्याग और समर्पण की एक नई मिसाल कायम हुई है। इस प्रेरणादायक पहल के लिए श्री अनंत जिनालय ट्रस्ट द्वारा गर्ग परिवार के सम्मान में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में प्रहलाद गर्ग एवं आशीष गर्ग को विशिष्ट सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुशील पाटनी, मनीष वेद, विजय गुप्ता, नंदकिशोर कंदोई, प्रतीक सिंघल, दिनेश गर्ग उपस्थित रहे।

# शिक्षा विभाग के 5 कर्मचारी निलंबित

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बड़ी कार्रवाई की है। स्कूल शिक्षा विभाग में सामने आए गबन के गंभीर मामले में शिक्षा विभाग के पांच कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलां-बित कर दिया है। इनमें अकाउंटेंट दिनेश पवार, मेघना चार्ल्स, भृत्य सिद्धार्थ जोशी, राहुल अहिरे एवं अतुल त्रिवेदी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में वित्तीय अनियमितताओं और शासकीय राशि के दुरुपयोग के तथ्य सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


# चलित उठावना

मेरे सुपुत्र व स्व. श्री रमेश कासलीवाल (वीर निकलंक) स्व. श्री कैलाश कासलीवाल एवं निर्मल, विमल,कमल,दिलीप कासलीवाल का पोता तथा अमन कासलीवाल का लघु भ्राता एवं अरुण, अमित, नीरज कासलीवाल का भतीजा, जयश, आदित्य, प्रियश एवं हर्षिता कासलीवाल के भाई **प्रखर कासलीवाल** (27) का आकस्मिक निधन दिनांक 9/01/2026 शुक्रवार को हो गया है। जिसका चलित उठावना दिनांक 11/01/2026 रविवार को प्रातः 9:30 बजे से 10:00बजे तक, पंजाब अरोड़ वंशीय धर्मशाला, नाथ मंदिर रोड़, साउथ तुकोगंज, इंदौर पर रखा गया है।।



**शोक बैठक:- प्रतिदिन निज निवास ए/42 मिलन ग्रीन कॉलोनी, गड़ा गोल्फ क्लब के पास शाम 7:00 बजे से 9:00 बजे तक॥**

**आनंद कासलीवाल प्रवक्ता मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी**

**मो. 9893056194**



# भारतीय सेन समाज में नए पदाधिकारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय सेन समाज इंदौर में संगठन के नए पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की गई। अध्यक्ष वीरू सेन, सरोज तवर महिला राष्ट्रीय महामंत्री, प्रीति बैराठी को महिला प्रदेश अध्यक्ष तथा शारदा सालुंके को प्रदेश महिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही महेश जयलवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नए पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। प्रदीप श्रीवास, राकेश श्रीवास, जगदीश सेन, नवरत्न बैराठी, मुकेश केलवा, बाबूलाल सेन, मोहनलाल चांगल, नारायण सेन, कमल वर्मा, राजेश परिहार, सुनील सराठे, गजेंद्र श्रीवास मौजूद थे।

# मीणा समाज का कल परिचय सम्मेलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मीणा समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल 11 जनवरी को सुबह 9 बजे से बापट चौराहा स्थित आनंद मोहन माथुर सभागृह में आयोजित किया जाएगा। परिचय पुस्तिका का विमोचन एवं वितरण भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। 500 से अधिक प्रविष्टियां आई है। बसंती लाल मौर्य, घनश्याम बारवाल, रामसिंह मीणा, रतन सिंह, जी.पी.



राजपूत, मनोहर गुड्डू मीणा, हरिओम मीणा, सुनील मीणा, जयप्रकाश जोनवाल, राजेश मीणा, डॉ. धर्मेंद्र मीणा, दिनेश मुकाती, महेंद्र मीणा, रवि मीणा, जीतू मीणा, संतोष मीणा, नारायण मीणा अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# कल हिंदू सम्मेलन में 101 ब्राह्मण करेंगे मंत्रोच्चार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल रविवार 11 जनवरी को नारनोली अग्रवाल धर्मशाला पर होने वाले हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ 101 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार, समरसता यज्ञ, शंखनाद एवं 21 फीट ऊँची धर्म ध्वजा फहराने के साथ होगा। वीरेन्द्र गुप्ता, हुकुमचंद अग्रवाल, टीकमचंद राठौर ने बताया कि इस सम्मेलन में महापुरुषों की वेशभूषा में छोटे बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम और मातृशक्ति द्वारा 5 परिवर्तन पर आधारित रंगोली का निर्माण तो किया ही जाएगा, सभी आने वाले बंधुओं को तिलक लगाकर दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत भी किया जाएगा। समरसता भोज, समाज में पंच परिवर्तन एवं अन्य कार्यक्रम भी होंगे। सम्मेलन के लिए हुई बैठक में हरिनारायण गोयल, घनश्याम मित्तल, सीताराम राठौर, विजय अग्रवाल, नीरज मंगल, घनश्याम शेर, मनोज डिडवानिया, शिवराज नीमा, जीतेन्द्र सोनी के अलावा कल्लू राठोर, अरुण अग्रवाल, शेलेन्द्र वर्मा, दीपक अग्रवाल, डाली झांझरी, शीला अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, कैलाश भावसार, उमंग वर्मा, हरिओम, अभिषेक अग्रवाल एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सफाई कर्मचारियों से माफी मांगे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सफाई कर्मचारी संघ के ईश्वरलाल विश्नार ने बताया कि कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सफाई कर्मचारियों का आठवीं बार खिताब मिलने पर घोर अपमान किया है। सिंघार को सफाई कर्मचारियों से सार्वजनिक माफी मांगना चाहिए। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इंदौर को सफाई में नम्बर-1 मिला, इस बयान के आधार पर वाल्मीकि समाज से लेकर सभी यूनियन और अन्य कर्मचारियों में भी आक्रोश है।

# जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक होगी

**इंदौर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आगामी 16 जनवरी को सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में आयोजित की जाएगी। बैठक में शहरी क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन तथा ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत जल जीवन मिशन की समीक्षा की जाएगी।



# कलोता समाज क्रिकेट के विजेताओं का स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** क्षत्रीय कलोता समाज द्वारा जमोड़ी हप्सी में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। युवाओं ने शिरकत की। विजेता टीमों का स्वागत किया गया। कलोता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद दरबार मुख्य अतिथि थे जिनका स्वागत किया गया।

# दलों ने किया निगम के समक्ष धरना-प्रदर्शन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वामपंथी, समाजवादी एवं केंद्रीय श्रम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के समक्ष भागीरथपुरा में हुई दूषित पानी से मौत और लोगों के बीमार होने पर धरना प्रदर्शन किया और मांग की कि नगर निगम की लापरवाही के कारण भागीरथपुरा के कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है और बड़ी संख्या में संक्रमित हो चुके है, इसके साथ ही शहर के अनेकों वार्डो में दूषित पानी वितरित हो रहा हैं। इस परेशानी पर निगम पर धरना-प्रदर्शन किया गया। राहुल निहोरे, महेश गौहर, प्रमोद डागर, सूरज गौहर,



लक्ष्मीनारायण पाठक, सोहनलाल शिंदे, रमेश झाला, अरविंद पोरवाल, विजय दलाल, सखाराम जत्इकर, सीएल सर्रावत, भागीरथ कछवाय, मातादीन मौर्य, प्रमोद नामदेव, अर्शी खान, भारत, कविता सोलंकी, रामस्वरूप मंत्री, राजेंद्र यादव, मोहम्मद सिद्दीकी, रुद्रपाल यादव, अरुण चौहान, कैलाश लिम्बोदिया, काशीराम नायक, श्याम अजय पाल, हरीश नायर मौजूद थे। बडे मुआवजे की मांग भी की गई।



# योग विज्ञान शिविर का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

योग विज्ञान शिविर का आयोजन शासकीय गोल स्कूल मंदिर में किया जा रहा है। सुबह योग साधक शिरकत कर रहे हैं। डॉ. स्वामी पारमार्थ देव, राजेन्द्र आर्य, प्रेम पुनिया, योगेन्द्र रघुवंशी, इन्द्रपालसिंह मलिक, अनंत जोशी, विक्रम डूडी, महेश कुमावत, हेमंत कुमार, मनीष खटकड़, राजेंद्र आर्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# हिन्दू सम्मेलन के लिए ध्वजारोहण के साथ भूमिपूजन कल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बेटमा के गार्डन में 18 जनवरी रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा। उस आयोजन के पूर्व भूमिपूजन एवं ध्वजारोहण का आयोजन कल रविवार को सुबह गार्डन में वरिष्ठजनों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में होगा। घर-घर निमंत्रण दिए जा रहे हैं, समरसता भोज का निमंत्रण भी दिया जा रहा है।

# परिषद ने पाली पेयजल टंकी की चिंता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौत और बीमार होने की घटना के बाद अब प्रदेश भर में पानी का ऑडिट हो रहा है। नगर परिषद हातोद ने भी कल पेयजल स्रोत टंकी की सफाई करवाई। इंटेलेवल व जल उपचार संयंत्र का सफाई कार्य अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया। पानी की टंकी जो कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में व एक अन्य टंकी जो कि निकाय में स्थित है की सफाई जलप्रदाय कर्मियों द्वारा की गई, सफाई के दौरान पानी की टंकी का निरीक्षण सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण आजाद, कांतिलाल डाबी, मोतीलाल राजोरिया, अधिकारी संजय जैन, नारायण मकवाना एवं कर्मी राधेश्याम चुल्लीवाल, नीलेश राठौर सहित अन्य ने किया।



# पद्मावती वेंकटेश मंदिर में आज फूल बंगला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

पद्मावती वेंकटेश मंदिर विद्या पैलेस में चल रहे उत्सव के दौरान कल जहां नौका विहार का आयोजन किया गया था, वहीं आज शाम श्रद्धालुओं को फूल बंगला दर्शन होंगे। आज राजमहल का दृश्य दृष्टिगोचर होगा। वृंदावन, बैंगलुरु सहित अन्य जगह से फूल आए हैं। भजन गायक राम हुरकट भजनों की प्रस्तुतियां इस दौरान देंगे सुबह के सत्र में भगवान वेंकटेश का अभिषेक एवं शाम 7:00 बजे से फूल बंगले में प्रभु के दर्शन होंगे वही 11 जनवरी को होने वाले गोदा रंगनाथ विवाह हेतु मेहंदी रचाई जा रही है और मायरे की तैयारी की जा रही है मंगल गीत भी गाए जा रहे हैं। मनोहर सोनी, हरिकिशन साबू, कालू सारडा, नितिन तापड़िया, अशोक अग्रवाल सहित अन्य आयोजन से जुड़े हैं।

# गिरिराज परिक्रमा के लिए जत्था हुआ रवाना



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री गिरिराज धरण सेवा समिति छावनी अनाज मंडी के तत्वाधान में गोवरधन परिक्रमा आयोजन के लिए 101 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना किया गया। सुनील यादव ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। राजेश यादव, काशीनाथ गोयल, संजय खंडेलवाल, पंकज खंडेलवाल, श्रवण यादव, महेश खंडेलवाल, अनिल मित्तल ने विनोद बंसल, प्रकाश गोयल, रामचन्द्र राठी, राजेश लड्डा, राजेश यादव, लक्ष्मीनारायण गोयल मौजूद थे।



## सीता सर्वेश्वर राम दरबार फूल बंगले में विराजे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री राम मंदिर रघुनाथपुरम में आयोजित द्वितीय पाटोत्सव के अवसर पर श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार फूल बंगले में विराजे, छप्पन भोग लगा, महाआरती की गई। कई राजनेता और समाजसेवी मौजूद थे। टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया, सत्यप्रकाश पाठक, चंद्रभान रिछारिया, सन्नी शर्मा, मोहित शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## अग्रसेन सोशल ग्रुप के पदाधिकारियों का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



अग्रसेन सोशल ग्रुप के शिव जिंदल, राजेश गर्ग ने बताया कि नए वर्ष के लिए अध्यक्ष कमलेश मित्तल उपाध्यक्ष शरद गोयल महामंत्री राजकुमार बंसल, संयोजक राजू बंसल, कोषाध्यक्ष सतीश गोयल मनोनीत किये गये। संचालक मण्डल में डॉक्टर गोविन्द सिंघल, विनोद गोयल, गोपाल गर्ग, सतीश गोयल हरसूद, मनीष मित्तल, हरीश अग्रवाल, राजेंद्र गोयल, रमेश एरन, मनीष अग्रवाल मनोनीत किये गये। दुर्गेश अग्रवाल, पवन बंसल, मनीष खजांची को परामर्शदाता मनोनीत किया गया। चुनाव पश्चात सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। ग्रुप में आगामी दिनों होने वाली शपथ विधि, फाग महोत्सव, बालिकाओं को साइकिल वितरण ,प्रतिभा सम्मान, खुली चित्रकला स्पर्धा, धार्मिक यात्रा,सावन मास में संतो का भोजन,101 कन्याओं का पादपूजन, परिचय सम्मेलन, अन्नकूट महोत्सव, नानीबाई का मायरा, अग्रसेन जयंती आयोजन पर भी चर्चा हुई।

## मकर संक्रांति पर न्यायालय में अवकाश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि 14 जनवरी बुधवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में जिला व सत्र न्यायालय इन्दौर और उसके अधीनस्थ-न्यायालयों में स्थानीय अवकाश रहेगा। कल स्थानीय अवकाश घोषित कर दिया गया। अन्य अवकाश भी घोषित किए गए।

## 'फाइबर टू सिल्क फेब' एक्जीबिशन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में 'फाइबर टू सिल्क फेब' एक्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है जो 13 जनवरी तक चलेगा। क़ाश्मीरी वूलन सहित अन्य वूलन के सात स्टाल लगे है। शाल, जैकेट, कोट, कैप और छोटे स्टॉल के साथ साड़ियां भी इस एक्जीबिशन में है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर मैराथन कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की इंदौर शाखा द्वारा कल रविवार 11 जनवरी को मैराथन दौड़ का आयोजन होलकर कॉलेज भंवरकुआं से सुबह 6 बजे 5 किलोमीटर की मैराथन शहर के मुख्य मार्गो से से होते हुए पुनः यही पहुंचेगी। कालेज के विद्यार्थी और अन्य युवाओं ने रजिस्ट्रेशन भी कराए है। 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को भी जोडने का प्रयास किया गया है। उक्त जानकारी लखनसिंह यादव ने दी।

## रक्तदाताओं का रक्तबीर गोल्डन अवार्ड से सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दामोदर युवा संगठन इंदौर भारती रेड क्रॉस समिति द्वारा संचालित भारत के पहले निशुल्क ब्लू कॉल सेंटर रेड क्रॉस जो कि पिछले 18 वर्षो से निरंतर पूरे भारत में ब्लड की पूर्णता निशुल्क व्यवस्था करवाने में कार्य कर रहा है ब्लड कॉल सेंटर रेड क्रॉस समय-समय पर रक्तदाताओं के सम्मान का भी कार्यक्रम करता है। ब्लू कॉल सेंटर से 5 लाख से ज्यादा रक्तदाता जुड़े हैंएवं तीन लाख से ज्यादा लोगों को ब्लड निशुल्क मुहैया कराया। ब्लू कॉल सेंटर ने 251 रक्तदाताओं का सम्मान कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।वीरेन्द्र गुप्ता, राजेश गर्ग, महेन्द्र सोनगरा, अशोक गोयल अतिथि थे। अशोक नायक ने उक्त जानकारी दी।



## डॉ. हासानी को निमंत्रण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इलेक्ट्री होम्यो पैथी के जनक डॉ काउंट सीजर मैटी की जयंती 11 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी को इन्दौर मेडिकल एसोसिएशन इलेक्टो होम्योपैथी के प्रतिनिधि मंडल ने निमंत्रण दिया। ओम जैन, डॉ.के.के. पाठक, आईएमएम अब्बासी, अनिल चौधरी, एएम सिद्दीकी, राजेश सोलंकी, संतोष चौधरी, अनिल राठौर मौजूद थे।

## गजानन सिद्ध मंत्र जाप कल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

संत गजानन महाराज पारायण सेवा समिति द्वारा क़ल रविवार 11 जनवरी को साउथ तुकोगंज स्थित नाथ मंदिर पर सुबह 6.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक संकल्प पूर्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। हर्षिता भराड़े ने बताया कि चातुर्मास के दौरान गजानन सिद्ध मंत्र 'गण-गण गणात बोते' जप संकल्प का आह्वान किया गया था, जिसमें देशभर के भक्तों ने 400 करोड़ जप की आहुति प्रदान की। इसमें इंदौर के भक्तों ने भी डेढ़ करोड़ बार सिद्ध जाप करने का कीर्तिमान बनाया है। चातुर्मास समाप्ति के बाद इस संकल्प की पूर्ति के अवसर पर समिति की ओर से रविवार को संकल्प पूर्ति यज्ञ तथा भोजन प्रसादी का आयोजन नाथ मंदिर संस्थान पर किया जाएगा।

## रीसेट थेरेपी पर तीन दिवसीय वर्कशॉप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



आज की भाग-दौड भरे जीवन में व्यक्ति जल्दी तनावग्रस्त हो जाता है, जिससे वह जल्दी विचलित भी हो सकता है।उसके जीवन में असंतुलन आने लगता। धीरे-धीरे निराशा की भावना घर करने लगती और वह स्वयं को बीमार सा महसूस करने लगता है। ये विचार जर्मनी के आस्टोपैथ डॉ. टॉम मेयर के है, जो उन्होंने तीन दिवसीय रीसेट थेरेपी वर्कशॉप के शुरूआत में कहे। एक निजी होटल में आयोजित वर्कशॉप में दिल्ली, बेंगलोर, अहमदाबाद,सूरत, जयपुर, हैदराबाद, कालकाता इंदौर आदि शहरों के 20 से अधिक आस्टोपैथ और फिजियोथेरेपिस्ट भाग ले रहे है। डॉ. प्रियांशु जोशी, डॉ. विक्रम यादव, डॉ. कृष्णा जलोदिया, डॉ. अदिति, डॉ. कृति गादिया, डॉ आस्था सोनी ने अपनी भूमिका निभाई।



## हमला वहां...ज्ञापन यहां...

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कुर्मी क्षत्रिय समाज से जुडे मऊगंज से बीजेपी विधायक प्रदीप पटेल पर जानलेवा हमले के विरोध में कार्यवाही को लेकर राज्यपाल के नाम कुर्मी क्षत्रिय समाज ने सम्भागायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौपा। गणेश चौधरी, अजय चौधरी, रामनरेश पटेल, विजय पटेल, प्रशांत पटेल, रजनीश यादव मौजूद थे।

## महिलाओं ने निकाली राम नाम संध्या फेरी हिंदू सम्मेलन के लिए घर-घर आमंत्रण

**इन्दौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निपानिया क्षेत्र स्थित पावन धाम में मातृशक्ति ने राम नाम संध्या फेरी निकालते हुए घर-घर पीले अक्षत (पीला चावल) देकर आगामी हिंदू सम्मेलन 11 जनवरी को निपानिया में होने वाले आयोजन के लिए आमंत्रण दिया।

## रानी रूपमती की अमर कहानी का विमोचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सचेतक कॉफी हाउस क्लब में पत्रकार अर्जुन राठौर की तीसरी पुस्तक मांडव की रानी रूपमती की कहानी का विमोचन हुआ। किशनलाल सोमानी, चंद्रशेखर बिरथरे, सुभाष खंडेलवाल, विमल जैन, अर्जुन राठौर, कमलेश्वरसिंह, नवनीत शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।



## स्वामी विवेकानंदजी का जन्मदिवस 'युवा दिवस' के रूप में मनेगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस का मुख्य आयोजन शासन के आतिथ्य में आर.ए.पी.टी.सी. मैदान महेश गार्ड लाईन पर 12 जनवरी की सुबह 9 से 10.30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। बडी संख्या में छात्र, शिक्षक और जनप्रतिनिधि इस आयोजन में शामिल होंगे। कई संस्थाओं को भी इस आयोजन से जोडा गया है।



## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पीआईकॉम का शुभारम्भ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रेस्टिज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा आयोजित दो दिवसीय 21वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पीआईकॉम–26 का उद्घाटन जबलपुर यूनिवर्सिटी के कुलपति मनोजकुमार सिंह सिन्हा ने किया। ब्रोसर का विमोचन भी किया गया। एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए। प्रो. रजनीश जैन, विजयशेखर शर्मा, डॉ. डेविश जैन, डिपिन जैन, हिमांशु जैन, डॉ. निशांत जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

# समग्र इकनॉमिक प्लान की प्रक्रिया प्रारंभ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सुदृढ़ और संतुलित बनाने के उद्देश्य से ग्रोथ हब पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल के अंतर्गत इंदौर आर्थिक क्षेत्र एवं भोपाल आर्थिक क्षेत्र को प्रदेश के विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में ठोस एवं दूरदर्शी योजना तैयार की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य औद्योगिक विकास, आधारभूत अवसंरचना, मानव संसाधन, निवेश क्षमता एवं संस्थागत मजबूती का समेकित आकलन कर एक ऐसा इकनॉमिक प्लान तैयार करना है, जिससे रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले और 'समृद्ध मध्यप्रदेश' के विजन को गति मिल सके।

**इंदौर में उच्चस्तरीय समन्वय बैठक-** इस क्रम में नीति आयोग भारत सरकार के मार्गदर्शन में इंदौर स्थित कलेक्टर कार्यालय में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नीति आयोग भारत सरकार की प्रिंसिपल इकोनॉमिक एडवाइजर सुश्री एना रॉय द्वारा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में इंदौर आर्थिक क्षेत्र से संबंधित आर्थिक गतिविधियों, प्रमुख विकास परियोजनाओं, औद्योगिक संभावनाओं, आधारभूत संरचना, रोजगार सृजन, निवेश अवसरों तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



**डेटा आधारित योजना निर्माण पर जोर-** बैठक में एना राय ने अधिकारियों को अवगत कराया कि इंदौर आर्थिक क्षेत्र एवं भोपाल आर्थिक क्षेत्र से संबंधित विभागीय एवं जिला स्तरीय सूचनाओं का संकलन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (उददुत लिंक) के माध्यम से किया जा रहा है। इन आंकड़ों का विश्लेषण कर क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं, विकास की संभावनाओं तथा प्राथमिकताओं को चिन्हित किया जाएगा, जिससे योजना निर्माण अधिक सटीक और प्रभावी हो सके।

**विभागीय सहभागिता से बनेगा मजबूत रोडमैप-** बैठक में जिला एवं विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित हाई ग्रोथ सेक्टर्स, वर्तमान में संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं तथा आवश्यक नीतिगत सुधारों पर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बताया गया कि कृषि, स्वास्थ्य, अवसंरचना, मैन्युफैक्चरिंग, पर्यटन, स्मार्ट सिटी, लॉजिस्टिक्स एवं शहरी विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर प्राप्त सुझावों को योजना में सम्मिलित किया जाएगा।

**इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन के लिए विशेष फोकस-** बैठक में राय ने बताया कि आगामी चरणों में विभागों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श कर इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन के लिए एक समग्र आर्थिक विकास ढांचा तैयार किया जाएगा। इसमें ग्रोथ ड्राइवर्स, प्राथमिक विकास परियोजनाएँ तथा प्रदेश के दीर्घकालिक विजन में इंदौर की भूमिका को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाएगा।

**मोबिलिटी और शहरी सुविधा भी होंगी शामिल-** बैठक में राय ने बताया कि आर्थिक विकास को गति देने के लिए शहरी मोबिलिटी, पब्लिक ट्रांसपोर्ट एवं यातायात प्रबंधन को भी इकनॉमिक प्लान का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा, जिससे नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिल सके। जी-हब पहल के माध्यम से इंदौर आर्थिक क्षेत्र को एक सशक्त, समावेशी और टिकाऊ विकास मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले वर्षों में निवेश, रोजगार और समग्र विकास को नई ऊँचाइयाँ देगी।

### दिलजीत दोसांझ ने 'बॉर्डर 2' से शेयर की अपनी शादी की तस्वीरें

# दुल्हन बनी सोनम बाजवा

दिलजीत दोसांझ ने हाल ही मे 'बॉर्डर 2' के सेट से ढेर सारी फोटोज पोस्ट की हैं, जिसमें वो दूल्हा और सोनम बाजवा दुल्हन बनी दिख रही हैं। उनकी इस केमिस्ट्री पर फैंस दिल हार बैठे हैं।

दिलजीत दोसांझ इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर चर्चा में हैं। वहीं अब हाल ही में उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ अनसीन फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में दिलजीत दोसांझ दूल्हा और सोनम बाजवा दुल्हन बनी नजर आ रहे हैं।

दिलजीत दोसांझ ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर फिल्म 'बॉर्डर 2' के सेट से एक-दो नहीं बल्कि कई फोटोज शेयर की हैं। इनमें दिलजीत दोसांझ और सोनम बाजवा की रोमांटिक केमिस्ट्री को देखा जा सकता है।

इन फोटोज में दिलजीत और सोनम की शादी होते देखा जा सकता है। दूल्हा-दुल्हन की ये जोड़ी देखने लायक है।

एक फोटो में दिलजीत दोसांझ और सोनम बाजवा दूल्हा-दुल्हन के गेटअप में एक-दूसरे को निहारते नजर आ रहे हैं। सोनम दिलजीत को हाथ जोड़कर प्रणाम करती दिख रही हैं।

वहीं दूसरी फोटो में दिलजीत दोसांझ अपनी मूंछों पर ताव देते नजर आ रहे हैं। उनके साइड में एक पालकी भी नजर आ रही है। इस लुक में दिलजीत दोसांझ के गले में दूल्हे वाली जयमाला भी देखने को मिल रही है।



सोनम बाजवा लाल जोड़े में 90 के दशक की दुल्हन लग रही हैं। पंजाबी दुल्हन बनीं सोनम बाजवा का लुक ऑडियंस को काफी पसंद आ रहा है।

वहीं दिलजीत दोसांझ एक फोटो में पलंग पर बैठे नजर आ रहे हैं और उनकी साइड में फूल रखे हुए हैं। मरून पगड़ी में दिलजीत दोसांझ भी जच रहे हैं।

शेयर की गई एक फोटो में कई सारी महिलाएं पंजाबी आउटफिट पहने डांस करती दिखाई दे रही हैं। इन महिलाओं के पीछे खेत-खलिहान दिखाई दे रहे हैं। अब ये फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। दोनों की केमिस्ट्री देख फैंस उन्हें बेस्ट जोड़ी बता रहे हैं। फोटोज को शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा- 'बॉर्डर 2' दुनियाभर में 23 जनवरी 2026 को रिलीज हो रही है। इश्क दा यारा नाम सुना था, तुझसे मिला तो मैं हुआ रूबरू।'

*साउथ एक्टर शिवकार्तिकेयन की 'पराशक्ति' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल गई है। जानें फिल्म का रनटाइम कितना है।*

# 25 कट्स के साथ सेंसर बोर्ड में पास हुई 'पराशक्ति'

साउथ के सुपरस्टार शिवकार्तिकेयन की फिल्म 'पराशक्ति' अब बिना किसी रुकावट के 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सीबीएफसी ने फिल्म को यूए (16+) सर्टिफिकेट दे दिया है। इससे लंबे समय से अटके हुए सर्टिफिकेट का मुद्दा खत्म हो गया।

प्रोडक्शन हाउस रेड जाइंट मूवीज और डॉन पिक्चर्स ने इस खबर की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। फैंस के साथ यह खुशी शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा- 'एक आग जो सभी उम्र के बारे में बात करती है। पराशक्ति को यू/ए के साथ सेंसर किया गया। कल से दुनिया भर के सिनेमाघरों में हड़ताल। पराशक्ति फ्रॉम पोंगल पाराशक्ति फ्रॉम जनवरी10।'

**सीबीएफसी से मिली मंजूरी-** मेकर्स की इस घोषणा के साथ ये कंफर्म हो गया है कि 'पराशक्ति' अपने शेड्यूल टाइम पर ही दर्शकों के बीच रिलीज होगी। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, 'पराशक्ति' 1960 के दशक के तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलनों के चित्रण के कारण शुरुआत में सीबीएफसी ने लगभग 23 कट्स लगाने का सुझाव दिया था। इस निर्देशक सुधा कोंगारा ने मुंबई स्थित बोर्ड से सीधे कहा था कि वह इस ऐतिहासिक संदर्भ को बदलने वाले किसी भी कट को वे स्वीकार नहीं करेंगी। अब काफी मशक्कत के बाद अब फिल्म को मंजूरी मिल गई।



**क्या है फिल्म की कहानी?-** 'पराशक्ति' फिल्म का निर्देशन सुधा कोंगारा ने किया है। फिल्म में शिवकार्तिकेयन के साथ-साथ अन्य कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म में 1965 के पोलाची और तमिलनाडु में हुए छात्र आंदोलनों की पृष्ठभूमि दिखाई गई है। यह फिल्म सामाजिक-सांस्कृतिक बदलाव और ऐतिहासिक घटनाओं को पर्दे पर जीवंत तरीके से पेश करने का प्रयास करती है। फिल्म का फैंस लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे।

## द राजा साब' ने ओपनिंग डे पर लगा दी आग, 'धुरंधर' के उड़ा दिए परखच्चे

प्रभास की नई रिलीज 'द राजा साब' ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन धमाल मचा दिया है और इसी के साथ इसने शानदार ओपनिंग की है। लेकिन ये एक्टर की टॉप 5 ओपनर में एंट्री नहीं कर सकी। प्रभास की मच अवेटेड हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' आखिरकार शुक्रवार को संक्रांति के त्योहार से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। मारुति द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने रिलीज से पहले जबरदस्त बज क्रिएट कर दिया था। वहीं क्रिटिक्स से ज्यादातर निगेटिव रिव्यू मिलने के बावजूद, फिल्म को पहले दिन देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक सिनेमाघरों में पहुंचे। वहीं एडवांस बुकिंग अच्छे प्रमोशन की बदौलत, 'द राजा साहब' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की है। हालांकि यह प्रभास की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक नहीं बन पाई। चलिए यहां जानते हैं 'द राजा साब' का पहले दिन का कलेक्शन कितना रहा है?

**'द राजा साब' ने कितने करोड़ से की ओपनिंग?-** अपनी रिलीज के पहले दिन 'द राजा साहब' ने बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ रुपये कमाए। प्री-रिलीज़ कलेक्शन को मिलाकर फिल्म का कुल कमाई अब 54.15 करोड़ रुपये हो गई है। हॉरर-कॉमेडी फिल्म के लिए ये ओपनिंग आंकड़े काफी दमदार माने जा रहे हैं और ये प्रभास की बॉक्स ऑफिस पर, खासकर तेलुगु भाषी क्षेत्रों में, पॉपुलैरिटी को दिखाते हैं।



**'द राजा साब' बनी प्रभास की छठी सबसे बड़ी ओपनर-** 'द राजा साब' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की की है। प्री सेल और ओपनिंग डे कलेक्शन को मिलाकर इसने 54.15 करोड़ कमाए हैं। इसी के साथ ये राधे श्याम के 43.1 करोड़ के ओपनिंग डे कलेक्शन को पछाड़कर एक्टर की छठी सबसे बड़ी ओपनर बन गई है। हालांकि ये प्रभास की टॉप 5 ओपनर में जगह नहीं बना पाई।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की टॉप ओपनिंग फिल्मों की सूची (नेट):** बाहुबली 2 – 121 करोड़ कल्कि 2898 एडी – 95.3 करोड़ सैलरी – 90.7 करोड़ प्राइस – 89 करोड़ आदिपुरुष – 86.75 करोड़ द राजा साब- 54.15 करोड़

**'द राजा साब' ने धुरंधर के ओपनिंग डे को दी मात-** 'द राजा साब' को बेशक निगेटिव रिव्यू मिले हैं लेकिन इसने आते ही धुरंधर के ओपनिंग डे को धूल चटा दी है। साल 2025 की सबसे बड़ी फिल्म धुरंधर ने 28 करोड़ से ओपनिंग की थी। जबकि 'द राजा साब' ने पहले दिन 45 करोड़ कमाए हैं और प्री सेल को जोड़कर इसका ओपनिंग डे कलेक्शन 54.15 करोड़ रुपये है।

## संपादकीय

# किराया बढ़ा, शिकायतें भी बढ़ीं, क्या भारतीय रेल में सचमुच बेहतर हो रहा है सफर? रेल सफर पर बड़ा सवाल

सवाल है कि किराए में वृद्धि के साथ क्या सुविधाओं में भी सुधार नहीं होना चाहिए? जब मौजूदा सुविधाएं ही बेहाल हों, तो ऐसे में आधुनिकीकरण के दावों का क्या औचित्य रह जाता है। भारत में रेल सेवा आर्थिक विकास के साथ-साथ आम लोगों के सफर को आसान और सुगम बनाने की जीवन रेखा मानी जाती है। लंबी यात्रा के लिए रेलगाड़ियां ही एकमात्र किफायती साधन हैं। देश में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को लेकर एक तरफ सरकार की ओर से नई-नई घोषणाएं और दावे किए जा-ते हैं, तो दूसरी ओर रेलगाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव जस का तस बना हुआ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था न होने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। रेल मदद पोर्टल पर दर्ज इस तरह की शिकायतों में सितंबर 2025 की तुलना में अक्तूबर और नवंबर में लगभग पचास फीसद की वृद्धि देखी गई है। इससे स्पष्ट है कि व्यवस्थागत खामियों और सरकारी अमले में विभिन्न स्तर पर लापरवाही की वजह से यात्रियों को सफर के दौरान कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि रेल किराए में सरकार जब चाहे बढ़ोतरी कर देती है। सवाल है कि किराए में वृद्धि के साथ क्या सुविधाओं में भी सुधार नहीं होना चाहिए? जब मौजूदा सुविधाएं ही बेहाल हों, तो ऐसे में आधुनिकीकरण के दावों का क्या औचित्य रह जाता है। गौरतलब है कि कैग की वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की एक रपट में भी लंबी दूरी की रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठाए गए थे। इसमें कहा गया था कि इस व्यवस्थागत खामी के लिए संबंधित अधिकारियों की लापरवाही भी जिम्मेदार है। इसके अलावा साफ-सफाई से जुड़े रेल कर्मियों का अभाव और इस कार्य के लिए साजो-सामान की कमी की ओर भी इशारा किया गया था। हालांकि रेलवे ने कुछ खास स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के शौचालय, दरवाजे और कुछ अन्य हिस्सों की सफाई मशीनों से करने की योजना लागू की है, इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षाजनक सुधार नजर नहीं आता है। रेलवे मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, रेल मदद पोर्टल पर सितंबर 2025 में चादर और कंबल से संबंधित 8,758 शिकायतें मिली थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 13,406 और नवंबर में 13,196 हो गईं। इसी तरह डिब्बों की स्वच्छता से जुड़ी शिकायतें सितंबर 2025 में 24,758 थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 33,804 और नवंबर में 36,673 हो गईं। हाल में सरकार ने लंबी दूरी की रेल सेवाओं का किराया बढ़ाने की घोषणा की थी। हालांकि यह वृद्धि देखने में मामूली लगती है, लेकिन देश भर में प्रतिदिन रेल में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या की लिहाज से देखें, तो सरकार को हर साल इससे करोड़ों रुपए की कमाई होगी। ऐसे में सवाल है कि क्या सरकार का लक्ष्य सिर्फ राजस्व अर्जित करना ही है? अगर ऐसा नहीं है, तो यात्रियों की सुविधाओं पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है। रेल मदद पोर्टल पर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर मंत्रालय ने हाल में सभी मंडलों के अधिकारियों को पत्र भेज कर व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इन निर्देशों पर कड़ाई से अमल होगा या फिर महज खानापूर्ति का ही प्रयास किया जाएगा, इसको लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। यह सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि जब तक रेलगाड़ियों में साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं को लेकर व्यापक निगरानी तंत्र विकसित नहीं किया जाएगा, तब तक समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद करना व्यर्थ है।

# स्कूटर सवार बदमाश ने महिला के हाथ से छीना पर्स

## वारदात सीसीटीवी में कैद

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। दिनदहाड़े एक स्कूटर सवार बदमाश ने राह चलती महिला का पर्स झपटा और तेजी से फरार हो गया। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, झपटमारी की यह वारदात शुक्रवार दोपहर करीब 3:55 बजे गुमास्ता नगर स्थित शैलपुत्री सफायर के सामने हुई। फरियादी साधना पटेल, निवासी गुमास्ता नगर, ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से पैदल जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से एक अज्ञात बदमाश सुजुकी एक्सेस स्कूटर पर सवार होकर आया और उनके हाथ पर झपट्टा मारकर पर्स छीन लिया।फरियादी साधना पटेल ने बताया कि पर्स में एक कीमती मोबाइल फोन और 2,300 रुपये की नकदी रखी थी। वारदात होते ही उन्होंने शोर मचाया, जिसे सुनकर आसपास के लोग और राहगीर तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। हालांकि, बदमाश की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह लोगों के पकड़ने से पहले ही मुख्य मार्ग की ओर भाग निकला। सूचना मिलते ही द्वारकापुरी पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने क्षेत्र के घरों और दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए हैं। फुटेज में आरोपी एक्सेस गाड़ी पर सवार होकर भागते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस का दावा है कि गाड़ी के नंबर और हुलिए के आधार पर आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भांजे को डांटने पर साले ने जीजा का सिर फोड़ा

**इंदौर।** खजराना के मुमताज बाग कॉलोनी में पारिवारिक विवाद के चलते एक साले ने अपने ही जीजा पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। विवाद की वजह बच्चों की डांट-फटकार बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी कमलेश पिता शिवराम डोयरे ने पुलिस को बताया कि उसका साला श्याम उर्फ काला पुरानी बातों को लेकर रंजिश रखता है। शाम करीब 7:30 बजे श्याम उनके पास आया और विवाद करने लगा। बात बढ़ने पर श्याम ने पहले हाथ-मुक्कों से मारपीट की और फिर पास ही पड़ा एक डंडा उठाकर कमलेश के सिर पर दे मारा। हमले में कमलेश का सिर फट गया और खून बहने लगा। मारपीट के बाद आरोपी श्याम ने धमकी देते हुए कहा कि 'आइंदा अगर मेरे भांजे को डांटा, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।' घायल कमलेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी श्याम उर्फ काला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# दो पक्षों के बीच जमकर चले लात-घूंसे

**इंदौर।** बाणगंगा थाना इलाके में आपसी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए।कहा-सुनी इतनी बढ़ी कि दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई, जिसमें कई लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, एक पक्ष से ममता पति मुकेश निगम निवासी ग्राम जाख्या ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ममता का आरोप है कि आरोपी मौसम निगम, चिराग निगम और बिट्टू निवासी गोविंद नगर खारचा ने उनके परिवार के साथ बेवजह विवाद किया और गालियां दीं। जब आरोपियों को गाली देने से मना किया गया, तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से चिराग पिता सुभाष निगम ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। चिराग का आरोप है कि आरोपी मुकेश निगम, सागर निगम, सौरभ निगम और सूरज ने पुरानी कहासुनी को लेकर उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज की। विरोध करने पर चारों आरोपियों ने मिलकर चिराग की लात-घूंसों से बेरहमी से पिटाई कर दी और भविष्य में जान से खत्म करने की धमकी दी।

# ऑटो-बाइक की टक्कर के बाद विवाद

## रिक्शा चालक को लात-घूंसों से पीटा

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सिरपुर रोड पर ऑटो पलटाने के दौरान हुई मामूली टक्कर के बाद एक बाइक चालक ने ऑटो चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना सिरपुर रोड स्थित शनि गार्डन के पास की है। फरियादी मोहम्मद जफर निवासी रानी पैलेस, गीता नगर अपना ऑटो लेकर जा रहा था। शनि गार्डन के समीप रास्ता बंद होने के कारण जफर अपना ऑटो वापस पलटाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक बाइक सवार से उसकी ऑटो की मामूली टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार आजाद निवासी रानी पैलेस आपा खो बैठा और ऑटो चालक जफर को गालियां देने लगा। जब जफर ने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपी आजाद ने उस पर हमला कर दिया।आरोपी ने बीच सड़क पर फरियादी जफर को लात-घूंसों से जमकर पीटा, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद भी आरोपी का गुस्सा शांत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भागते समय आरोपी ने पीड़ित को धमकी दी कि 'अगर आइंदा मुझसे उलझा, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।'

# एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार, नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान के तहत खजराना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक तस्कर को दबोचा है, जिसके पास से 18 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। खजराना थाना प्रभारी मनोजसिंह सेंधवा ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्टार चौराहा क्षेत्र में ड्रग्स की सप्लाई के लिए आने वाला है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए उप निरीक्षक दिनेश कुमार सरगैया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने शाम करीब 4:20 बजे स्टार चौराहे के पास स्थित खाली मैदान में दबिश दी और संदिग्ध को हिरासत में लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद लियाकत खान निवासी खजराना के रूप में हुई है। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 18 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। खजराना पुलिस ने आरोपी लियाकत के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह नशीली खेप कहां से लाया था और शहर के किन-किन इलाकों में इसकी सप्लाई की जानी थी।

# पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर लाखों की ठगी

**इंदौर।** शहर में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र का है, जहाँ 'पार्ट टाइम जॉब' का झांसा देकर अज्ञात जालसाजों ने एक युवक को अपने जाल में फंसाया और अलग-अलग किस्तों में उससे 2 लाख 40 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार, पीड़ित तुषार पिता ईश्वरलाल बैशाली नगर निवासी है। कुछ समय पहले उसके व्हाट्सऐप पर एक मैसेज आया था, जिसमें घर बैठे पार्ट टाइम काम करके अच्छे पैसे कमाने का ऑफर दिया गया था। जैसे ही युवक ने मैसेज में दी गई लिंक पर क्लिक किया, ठगों ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। शुरुआत में भरोसे में लेने के बाद, आरोपियों ने पीड़ित को अलग-अलग 'टास्क' दिए और सुरक्षा राशि या रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसे जमा करने को कहा। बेहतर रिटर्न के लालच में आकर फरियादी ने कई बार में कुल 2.40 लाख रुपये डिजिटल माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। जब पैसे जमा करने के बाद भी उसे न तो काम मिला और न ही रकम वापस हुई, तब उसे ठगी का अहसास हुआ। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उन बैंक खातों की जानकारी निकाल रही है जिनमें पैसा ट्रांसफर किया गया था। साथ ही, जिस मोबाइल नंबर और लिंक का उपयोग ठगी के लिए किया गया था, उनकी जांच के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# मामूली विवाद में नाबालिग को चाकू मारा

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक मोबाइल कॉल को लेकर दो नाबालिगों के बीच उपजा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक 16 वर्षीय किशोर ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकला। पुलिस के अनुसार, घटना शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे गुलजार कॉलोनी स्थित पूरणदास की बगिया क्षेत्र की है। 15 वर्षीय पीड़ित किशोर एक दुकान के सामने खड़ा था, तभी वहां 16 वर्षीय आरोपी पहुँचा। आरोपी ने आते ही विवाद शुरू कर दिया और पूछा, 'कल रात तूने मुझे फोन क्यों लगाया था?' पीड़ित ने सफाई देते हुए कहा कि उसने नया मोबाइल फोन लिया है और वह नंबर चेक कर रहा था, इसी दौरान गलती से कॉल लग गया होगा। इस मामूली बात पर आरोपी आपा खो बैठा और गालियां देने लगा। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी और अचानक अपनी जेब से चाकू निकालकर पीड़ित की जांघ पर वार कर दिया। हमले में किशोर लहूलुहान हो गया। घायल ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को धक्का देकर शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग जमा होने लगे। भीड़ बढ़ती देख आरोपी यह धमकी देते हुए भाग गया।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 140100 | 138900 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 245400 | 252000 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# प्रखर -प्रेरणा हादसा : 140 की रफ्तार और 'ड्रिंक एंड ड्राइव' की आशंका

## पुलिस ने दो डंपर चालकों को किया गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर बायपास पर हुए भीषण हादसे की जाँच अब तेज़ हो गई है, जिसमें पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन, कांग्रेस प्रवक्ता आनंद कासलीवाल के बेटे प्रखर और उनके साथी मानसंधु की जान चली गई थी। पुलिस ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों डंपर चालकों को गिरफ्तार कर लिया है।

हादसे की पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई कि सड़क पर खड़े वाहनों के कारण कार अनियंत्रित होकर टकराई थी। थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम के मुताबिक, सड़क पर लापरवाही पूर्वक वाहन खड़े करने के मामले में पुलिस ने दोनों डंपर चालकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इन चालकों से पूछताछ कर रही है कि उन्होंने बिना किसी सुरक्षा संकेतक या रेडियम के वाहन सड़क पर क्यों खड़े किए थे। पुलिस की प्रारंभिक जाँच में कार के भीतर से शराब की बोतलें और खाने का सामान बरामद हुआ है, जिससे 'ड्रिंक एंड ड्राइव' की प्रबल आशंका जताई जा रही है। शनिवार को फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और कार से साक्ष्य जुटाए। पुलिस अब प्रखर के जन्मदिन की पार्टी में शामिल अन्य युवक-युवतियों के बयान भी दर्ज करेगी, ताकि हादसे से पहले की कड़ियों को जोड़ा जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के वक्त कार की रफ्तार लगभग 140 किमी प्रतिघंटा रही होगी। कार इतनी बेकाबू थी कि वह सड़क किनारे पंचर हालत में खड़े एक डंपर के पीछे खड़े ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। फिलहाल, हादसे में गंभीर रूप से घायल अनुष्का राठी का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस फॉरेंसिक रिपोर्ट और अन्य गवाहों के बयानों का इंतज़ार कर रही है ताकि मामले की अंतिम रिपोर्ट तैयार की जा सके।

## राजपूताना वारियर्स की आसान जीत

**इंदौर।** एरिना बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित एवं माइक्रो मिट्टी द्वारा प्रायोजित एरिना प्रीमियर लीग (एपीएल) बैडमिंटन टूर्नामेंट का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस लीग में ६ टीमों के ८४ खिलाड़ी अपनी दावेदारी पेश कर रहे है। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में राजपूताना वारियर्स ने सैम टाइगर्स को ५-२ से पराजित किया। राजपुताना वारियर्स के यश, आदित्य, अंकुर, केशव, मुदित, पीयूष, विनय, सौरभ ने उम्दा खेल दिखाया। वहीं दूसरे मुकाबले में सिंबायोटिक ने जेन्टेक हॉक को कड़े मुकाबले ४-३ से हराया। सिंबायोटिक की और से पलाश, करण, दिनेश, राज, मिहिर, अक्षय, गीत, वेदांत, वत्सल, अमित, अंशुल, आदित्य ने अपने मुकाबले जीते। टूर्नामेंट स्कीम नंबर ७८ फेस -२ के एरिना स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है।

## भीम आर्मी ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पिछले दिनों भागीरथपुरा में दूषित जल से कई लोगों की मृत्यु हो गई और कई लोग विभिन्न अस्पतालों में उपचाररत है। इस मुद्दे पर भीम आर्मी ने डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा गीता भवन से रैली निकाल कर इंदौर नगर निगम गेट पर प्रदर्शन किया। मुकेश करोसिया, इमरान ने जिम्मेदार क्षेत्रीय विधायक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पार्षद कमल वाघेला के इस्तीफे और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।



## राज्य सेवा परीक्षाओं के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों से मंगाए आवेदन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री कम मेन्स 2027 के संबंध में अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों से आवेदन मंगाए गए हैं। पात्र प्रशिक्षक 27 फरवरी तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण प्रारंभ होने की संभावित 03 मई 2026 है। केन्द्र की प्राचार्य आशा चौहान ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण देने हेतु इच्छुक प्रशिक्षक अपना आवेदन शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में 12 जनवरी से 27 फरवरी तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। उक्त आवेदन हेतु संस्थान से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेज़ भी संलग्न करना होगा।



## नवआरक्षकों की दीक्षांत परेड

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सीमा सुरक्षाबल के सहायक प्रशिक्षण केंद्र ( एसटीसी ) के बिजासन कैंपस में आज सुबह बैच संख्या 208 एव 209 के नव आरक्षकों की दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। दीक्षांत परेड के उपरांत नव आरक्षकों द्वारा मास पी टी और बिहू नृत्य प्रस्तुति दी गई। वरिष्ठ अधिकारी तेजिन्दरपाल सिंह सिंधु सहित अन्य भी मौजूद रहे।**

## एक घंटे में महिला के 4 बैंक खातों से उड़ाए 6 लाख

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के चार अलग-अलग बैंक खातों में सेंध लगाकर ठगों ने महज एक घंटे के भीतर करीब 6 लाख रुपये पार कर दिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार, पीड़िता अनिता श्रीवास्तव निवासी सुदामा नगर हैं। ठगी की यह वारदात 6 जनवरी की शाम 4 से 5 बजे के बीच हुई। अज्ञात सायबर अपराधी ने अनीता को झांसे में लेकर या उनके डिजिटल एक्सेस का उपयोग कर चार अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड और खातों से रकम ट्रांसफर कर ली। पीड़िता को जब खातों से पैसे कटने के मैसेज मिले, तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत बैंक को सूचित किया और थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। अन्नपूर्णा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब सायबर सेल की मदद से उन बैंक खातों की कुंडली खंगाल रही है जिनमें यह बड़ी रकम ट्रांसफर की गई है। साथ ही ट्रांजेक्शन के दौरान इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर और आईपी एड्रेस की भी जांच की जा रही है।

## बजरंगियों ने महिला को परेशान करने वाले की कर दी पिटाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विहिप के राहुल तिवारी ने बताया कि गांधीनगर थाना क्षेत्र में विवाहित महिला को दूसरे वर्ग का रोशन नामक युवक उसका वीडियो बनाकर वायरल बनाकर धमकी देने की कोशिश कर रहा था। महिला ने इस युवक को बताया कि वह जैसे-तैसे काम कर परिवार चला रही है, उसका विवाह हो चुका है तीन बच्चे हैं। आरोपी ने उसके साथ आईस्क्रीम खाते फोटो खिचवा लिए, इससे महिला डरी हुई थी। परेशान होकर महिला ने बजरंग दल पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। बजरंग दल के अविनाश कौशल, सागर सोनी, दिलीप सोनी, अंतिम शुक्ला, रोहित बडवाया, राहुल, दीपेश, सचिन, विशाल ने यह बताया कि ऐसे युवकों की पुलिस अच्छे से इलाज करे, लोगों ने पकड़कर पिटाई भी की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।




**कार्यालय नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर म.प्र.**

E-mail Add:cmosawer@mpurbangov.in Tel-07321-220070

क्रमांक-36 दिनांक 09.01.2026

निकायों में दुकान नामांतरण हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची-

| क्र. | आवेदक का नाम-पिता/पति | हस्तांतरकर्ता का नाम | वार्ड | पता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लताबाई पति स्व. वासुदेव जोशी | स्व. वासुदेव पिता चिन्तामन | 02 | कुडाना रोड | शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र |

उपरोक्त वर्णित भवन/भूमि/दुकान नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस्तहार जारी करने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय प्रमाण अभिलेखों को कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा उपरोक्त दर्शाए अनुसार भूमि/भवन/दुकान पर हकों का अंतरण (नामांतरण) कर दिया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर



**न्यायालय तहसीलदार तहसील मल्हारगंज जिला-इन्दौर**

प्रकरण क्र. 2812/अ-6/2025-26

**-उदघोषणा-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल शर्मा पिता लीलाधर शर्मा निवासी 139 इंदौर अहमदाबाद रोड प्रकाश नगर धार, गौरव शर्मा पिता राजकिशोर शर्मा निवासी बी-111 सागर गोल्डन पाम कटारा हिल्स हुजूर भोपाल द्वारा ग्राम टिगरिया बादशाह स्थित विकसित कॉलोनी 'सिंगापुर लाईफ स्टाईल ब्लॉक ए' का भूखण्ड क्रमांक ए-32 क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट विक्रेता बीरेन्द्र कुमार खण्डेलवाल पिता राधारमन खंडेलवाल निवासी 5/1 साकेत नगर इंदौर से पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 179152022ए 1074266 दिनांक 24/01/2022 के अनुसार क्रय किया होकर म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत नामांतरण करने बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर स्वयं या अधिवक्ता / अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

तहसीलदार
तहसील मल्हारगंज इन्दौर



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
मोती तबेला झोन-32

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री शेखर पिता स्व. प्रकाश चौधरी व अन्य** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. (1) 1003254231 (2) 1003925201 पता 121-122-202-1 साटम पार्क कालोनी सेक्टर मूसाखेडी रिंगरोड इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
मोती तबेला झोन-32
इन्दौर नगर निगम इन्दौर



**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **शबाना बी पति मरहुम साबिर मोहम्मद मंसूरी व अन्य** पता 35/1 जूना-पीठा वार्ड 58 इन्दौर झोन क्र. 03 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000892475 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 03
इन्दौर नगर निगम इन्दौर



**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **मो. एखलाख पिता मो. जाबिर** पता 31/4 अहिल्या पल्टन वार्ड 58 इन्दौर झोन क्र. 03 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000894664 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 03
इन्दौर नगर निगम इन्दौर

### एमपीसीए अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा

# महाबल, हसनेन, रणवीर एवं आराध्य चमके

**इन्दौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत संजय लुणावत फाउण्डेशन एवं राउ क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें संजय लुणावत फाउण्डेशन ने पहले खेलते हुए 50 आवेरो में सभी विकेट खोकर 274 रन बनाये । आराध्य परिहार ने 71 रन एवं मोहम्मद असनेन ने 55 रनों का योगदान दिया । रणवीर डाबी ने 5 विकेट एवं अमरकांत ने 3 विकेट लिये । जवाब में राउ क्लब की टीम 36 ओवरो में सभी विकेट खोकर 153 रन ही बना सकी और यह मैच 121 रनों के विशाल अंतर से हार गई। पारस अग्रवाल ने 40 रन बनाये। महाबल वालेकर एवं आराध्य परिहार ने 3-3 विकेट लिये।





## देव्ज एकेडमी की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं एकेसीए के मध्य खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 30 ओवरो में सभी विकेट खोकर 105 रन बनाये। प्रतिक गुर्जर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट लिये । जवाब में एकेसीए की टीम 16 ओवरो में 29 रनों पर सिमट गई और यह मैच 29 रनों के अंतर से हार गई । प्रणय चौहान ने 5 विकेट एवं आशय अग्रवाल ने 2 विकेट लिये ।




## स्टार क्लब की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच स्टार क्लब एवं सीसीआय के मध्य खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 43 ओवरो में सभी विकेट खोकर 121 रन बनाये। अद्विक बुन्देला ने 38 रन बनायें। प्रज्जवल शर्मा ने 4 विकेट एवं देव कंसाना ने 3 विकेट लिये । जवाब में स्टार क्लब ने 19 ओवरो में 3 विकेट खोकर 122 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से आसानी से जीत लिया। रित्विक चौधरी ने 53 रन बनाये।



## मां कनकेश्वरी क्लब की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच मां कनकेश्वरी क्लब एवं एसवीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 36 ओवरो में 145 रन बनाये। लक्ष्य लोधवाल ने 3 विकेट लिये । जवाब में एसवीसीए की टीम 20 ओवरो में 51 रनों पर सिमट गई और यहमैच 94 रनों के अंतर से हार गई । समर पटेल ने 3 विकेट लिये।

# वर्चस्व, अभिषेक एवं अंश के शतकीय प्रहारों से मां कनकेश्वरी क्लब सेमीफायनल में

**इन्दौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमकेसीसी एवं एमबीसीए के मध्य दो दिवसीय क्वार्टर फायनल मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 90 ओवरो में 5 विकेट खोकर 407 रन बनाए। वर्चस्व मुंगड ने 130 रन, अभिषेक मावी ने 107 रन एवं अंश यादव ने 106 रन बनाये । जवाब में एमबीसीए ने अपनी पहली पारी में 72 सभी विकेट खोकर ओवरो में 268 रन बनाये 340 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । वरूण चाहर ने 86 रन बनाये। खेल समाप्त होने तक एमकेसीसी ने अपनी दूसरी पारी में 18 ओवरों में 4 विकेट पर 204 रन बना लिये थे। अंश यादव ने दूसरी पारी में भी आक्रामक 106 रन 46 गेंद 6 चौके एवं 11 छक्के लगाकर शतक जमाया । पहली पारी के बढत के आधार पर एमकेसीसी विजयी रही ।




## एसएस कम्यून सेमीफायनल में

इसी स्पर्धा के अतर्गत एक अन्य क्वार्टर फायनल एसएस कम्यून एवं श्रीराम स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें श्रीराम स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए 44 ओवरो में 152 रन बनाकर सभी विकेट खो दिये । अमल चन्देल व हिम्मत सिंह ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में एसएस कम्यून की टीम ने अपनी पहली पारी मे 73 ओवरों में सभी विकेट खोकर 223 रन बनाकर 71 रनों की महत्वपूर्ण बढत हासिल की । शुभम राठौर ने नाबाद 56 रन एवं कृष्णा गौड ने 51 रन बनाये। आयुश वर्मा ने 5 विकेट एवं गौरव दशोरे ने 3 विकेट लिये। जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स ने अपनी दूसरी पारी में 25 ओवरो में 194 रन बनकर सिमट गई मानवीर सिंह ने आक्रामक 95 रन बनाये। अनुज लाहोरे व पीयूष तिवारी ने 4-4 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा एसएस कम्यून ने खेल समाप्त होने तक 33 ओवरो में 9 विकेट पर 81 रन बना लिये थे । आयुश वर्मा ने 5 विकेट लिये। इस तरह एसएस कम्यून ने पहली पारी की बढत के आधार पर मैच जीतकर सेमीफायनल में प्रवेश किया।

## देशभर के 300 से ज्यादा खिलाड़ी करेंगे शिरकत

**इन्दौर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में स्वामी विवेकानंद मि. इंडिया फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग एवं मेन फिजिक प्रतियोगिता 11 व 12 जनवरी 2026 को आयोजीत की जा रही है, प्रतियगिता में देशभर के 300 से ज्यादा बॉडी बिल्डर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। सोमवार शाम को राजवाड़ा पर मुख्य आयोजन होगा। म.प्र. बॉडी बिल्डिंग के अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, रितेश विरांग, मोहन सिंह राठौर ने बताया कि बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को लेक व्यू गार्डन में की गई है। यहीं पर खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन और उसके बाद वजन और हाईट चो-किंग होगी। दोपहर 3 बजे से प्री-जजिंग प्रतियोगिता होगी, जिसके तहत 12 जनवरी को फाइनल खेलने वाले बॉडी बिल्डरों का चयन होगा। इसी दिन म.प्र. बॉडी बिल्डिंग एसो. की साधारण सभा भी होगी। जिसमें 2026 से लेकर 2030 तक की नई कार्यकारिणी का चुनाव भी किया जाएगा। 12 जनवरी को सुबह जीआईबीबीएफ की लेक व्यू गार्डन मं ही बैठक होगी। और शाम को 6 बजे बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा।

# एकेसीए की आसान जीत

**इन्दौर।** आईडीसीए के तत्वाधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड स्पर्धा के अंतर्गत एक मैच एकेसीए एवं आरबीसीएफ के मध्य मैच खेला गया जिसमें एकेसीए ने पहले खेलते हुए 41 ओवरों में सभी विकेट खोकर 212 रन बनाए। सिद्धांत अग्रवाल ने 53 रन व अथर्व जोशी ने 47 रन बनाए विकी वाघले ने 4 विकेट लिए । जवाब में आरबीसीएफ की टीम 43 ओवरो में 181 रनों पर सिमट गई और यह मैच 31 रनों से हार गई । हार्दिक चौधरी ने 66 रन बनाये। अन्वेश हर्षित व आयाम ने 2-2 विकेट लिये।

# मुम्बई व राजस्थान धमाकेदार जीत के साथ सेमीफायनल में

**इन्दौर।** सेन्ट्रल जिमखाना क्लब की मेजबानी में आयोजित प्रकाश सोनकर व सुरेश ऐरन स्मृति अखिल भारतीय मोयरा गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा में क्वार्टर फायनल काफी रोमांचक अंदाज में खेले गए। पहले मैच में एम.वाय.जे. मुम्बई ने एनएफए नीमच को 4-2 से तथा राजस्थान इलेवन जयपुर ने बिल्टअप क्लब रायसेन को 2-0 से शिकस्त देकर सेमीफायनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया।



नेहरू स्टेडियम के मैदान पर खेली जा रही यह स्पर्धा अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। आज सेमीफायनल मुकाबले खेले जाएगे, जिसमें दिल्ली, बनारस, मुम्बई व जयपुर की टीमें अपनी चुनौती पेश करेंगी। कल तीसरे क्वार्टर फायनल में एम.वाय.जे. मुंबई व एनएफए नीमच के मध्य रोचक भिड़त देखने को मिली। मैच के 15 मिनट के भीतर नीमच के शाहरूख खान व मो.जावेद गोल दागकर दिग्गज मुम्बई टीम को आश्चर्यचकित कर दिया था, लेकिन इसके बाद मुम्बई की टीम ने एक के बाद एक चार गोल दागकर अपने इरादे स्पष्ट जता दिए थे। मुम्बई के लिए 20 वें मिनट में किरण, 27वें मिनट में हिमांशु, 40 वें मिनट में तनमय तथा 70 वें मिनट में समीर ने सुन्दर मैदानी गोल दागकर मुम्बई को अंतिम चार में प्रवेश दिला दिया। दूसरा मैच राजस्थान इलेवन जयपुर तथा गत वर्ष के उपविजेता बिल्टअप क्लब के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों ने अपने दमदार खेल व शानदार मूव के बदौलत मैदान में मौजूद हजारों दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उच्च स्तर के खेल के बावजूद पहला हाफ गोल रहित समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों का प्रदर्शन एक सामान था और ऐसा लग रहा था कि इस मैच में कोई मैदानी गोल नहीं हो सकेगा, लेकिन अंतिम 10 मिनट में राजस्थान ने बाजी पुरी तरह से पलट दी। 85 वें मिनट में सचिन तथा 90 वें मिनट में संतोष ने गोलकर राजस्थान को 2-0 से यादगार जीत दिला दी।

पहले मैच के समाप्ती के बाद पूर्व व वर्तमान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राजेश चेलावत, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, सावन सोनकर, गिरधर कांकणी, रमेश मूलचंदानी, संजय लुणावत, हुकुम सोनी, राजेन्द्र बडेरिया, अनिल खंडेलवाल, भारत मथुरावाला व संदीप जैन थे। अतिथियों ने विभिन्न खेलों के पृथ्वीसिंह ठाकुर, हर्षदीप कपूर, अनिल मेहता, संजू कामले, मनोज सेंधव, सुनील ठाकुर, याकुब अंसारी, रमेश झिरवार, इंशिया होटलवाला, ईशा सोलंकी को विशेष रूप से सम्मानित किया।

**आज खेले जाने वाले सेमीफायनल मुकाबले -** 1. सीआईएसएफ दिल्ली वि. हीराज क्लब बनारस

2. एम.वाय.जे. मुम्बई वि. राजस्थान इलेवन जयपुर

# इंदौर की सारा, गणेशी, आन्या क्वार्टर फाइनल में

**इंदौर।** इंदौर की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सारा यादव के अलावा गणेशी आन्या, सोनिया दत्ता, निकिता यादव, आन्या चौबे ने इड्डल दास स्मृति मध्य प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।



मध्य प्रदेश टेनिस संगठन के तत्वाधान में इंदौर रेसीडेंसी क्लब में आयोजित स्पर्धा में शुक्रवार को महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में इंदौर की खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया। इंदौर की अनुभवी खिलाड़ी सारा यादव को अन्वी सोनी के खिलाफ वाकओवर मिला और वे बिना मेहनत के अंतिम आठ में पहुंची। सारा ने हाल ही में आल इंडिया सिविल सर्विसेज टेनिस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता है। इंदौर की ही गणेशी आन्या ने अहाना फुलजारे को आसानी से 6-0, 6-0 से हराया। अन्य मैचों में सोनिया दत्ता ने आश्रय फुलजारे को 6-0, 6-1 से, निकिता यादव ने जुमाना राशिद को 6-2, 6-1 से, इंसियाह ने दिविनीति को 6-0, 6-1 से, इंदौर की ही आन्या चौबे ने आन्या फुलजारे को 6-2, 6-0 से और राव्या ने अक्षरा को 6-2, 6-0 से पराजित किया।

बालिका अंडर-12 आयु वर्ग के क्वार्टर फाइनल में अश्वी जैन ने प्रिशा शर्मा को 9-3 से पराजित किया। अन्य मैचों में निरवी ने मिराया अग्रवाल को 9-1 से, अयाना ने वीरा को 9-4 से, मायरा ने नैना को 9-8 (7-5) से, दिविना धूपर ने विभूति महाजन को 9-2 से और वामिका शर्मा ने मान्यता को 9-6 से पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

# डेयरी संचालक को गले पर मारा उस्तरा

## बेटे भी घायल, 60 फीट रोड पर देर रात बदमाशों ने किया विवाद




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एरोड्रम थाना क्षेत्र के पल्हर नगर 60 फीट रोड स्थित कृष्णा डेयरी पर मंगलवार रात बदमाशों ने डेयरी संचालक पर हमला कर दिया। फ्री में मिठाई न देने पर बदमाशों ने डेयरी संचालक के गले पर ब्लेड मार दी। उसके दोनों बेटों पर भी जानलेवा हमला हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना बीती रात करीब 10 बजे हुई। डेयरी संचालक मोहनलाल गुर्जर और उनके बेटे अंकित गुर्जर, नितिन गुर्जर अपनी दुकान पर थे। बताया जा रहा है डेयरी पर सुजल मिठाई लेने पहुंचा और भुगतान से इनकार करने लगा। विरोध होते ही गाली-गलौज कर वह मौके से निकल गया। कुछ देर बाद सुजल अपने साथियों को लेकर पहुंचा और डेयरी संचालको पर हमला शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर सुजल समीप स्थित हेयर सैलून में घुसा और वहां से उस्तरा उठाकर मोहनलाल के गले पर वार कर दिया। खून से लथपथ मोहनलाल ने बचाव का प्रयास किया। उनके दोनों बेटे भी हमले का शिकार हुए है। हमलावर मारपीट कर फरार हो गए। नितिन के सिर पर गहरी चोट आई है, वही अंकित भी गंभीर घायल है। सूचना मिलते ही एरोड्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल 60 फीट रोड स्थित एसएचके हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां तीनों को ICU में भर्ती किया गया है।पुलिस ने अंकित पिता मोहनलाल गुर्जर की शिकायत पर सुजल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है हमलावरों पर पहले भी अपराध पंजीबद्ध है।

### पहले भी किया था विवाद

घायल के परिजनों ने आरोप लगाया कि बदमाश आए दिन फ्री में मिठाई और रबड़ी मांगता था। विवाद से बचने के लिए पहले अनदेखी की जाती रही। कुछ दिन पहले भी फ्री मिठाई न देने पर दुकान में तोड़फोड़ भी की थी, लेकिन मामला दबा दिया गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद डेयरी संचालकों के परिचित बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे।

# रेलवे स्टेशन पर शराब तस्कर गिरफ्तार

## ट्रॉली बैग में छिपा रखी थी सवा लाख की महंगी विदेशी शराब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

रेल यात्रियों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीआरपी द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गुजरात के एक यात्री को गिरफ्तार किया है, जो अपने ट्रॉली बैग में ब्रांडेड और मह-ंगी विदेशी शराब छिपाकर तस्करी कर रहा था।



जीआरपी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ स्टेशन परिसर में मौजूद है। पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी कर लक्ष्मण भाई वागरी, निवासी जिला खेड़ा (गुज-रात) को हिरासत में लिया। जब उसके पास मौजूद नीले रंग के ट्रॉली बैग की तलाशी ली गई, तो उसके भीतर से विदेशी शराब की 20 बोतलें बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार, जब्त की गई शराब की बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1,27,233 रुपये है। बरामद स्टॉक में किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बीयर के साथ-साथ पॉल जॉन और सिंगल रिजर्व जैसी बेहद महंगी व्हिस्की शामिल हैं। आरोपी इन बोतलों को इंदौर से खरीदकर अवैध रूप से गुजरात ले जाने की फिराक में था।एसपी रेल पद्मविलोचन शुक्ला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी ने इंदौर में यह शराब किससे खरीदी थी। यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या वह पहले भी इस तरह की तस्करी में शामिल रहा है या किसी बड़े गिरोह का हिस्सा है।

# निर्माणाधीन मकानों को निशाना बनाने वाले 'इलेक्ट्रिक चोर' गिरफ्तार

## 1.50 लाख के वायर जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकानों से बिजली के महंगे वायर चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने उज्जैन बायपास पर घेराबंदी कर दो शातिर बदमाशों को दबोचा है, जिनके पास से भारी मात्रा में इलेक्ट्रिक वायर के बंडल बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी उज्जैन से इंदौर आकर वारदातों को अंजाम देते थे।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, राजा राम एवेन्यू तुलसी नगर स्थित मकान नंबर 9, 10 और 11 में निर्माण कार्य चल रहा है। यहाँ इलेक्ट्रिक फिटिंग के लिए लाखों रुपये के वायर मंगवाए गए



थे, जिन्हें अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए थे। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने टीम गठित की और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिससे आरोपियों का सुराग मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक चोरी के वायर बेचने के लिए मोटरसाइकिल से उज्जैन की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उज्जैन बायपास स्थित सिटिंगजोन ढाबे के पास नाकेबंदी की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से डेढ़ लाख रुपये कीमत के 25 बंडल बिजली वायर और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई।

### उज्जैन के रहने वाले हैं शातिर बदमाश

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलराम जाट (28), निवासी छोटी मायापुरी, उज्जैन और अमन राठौर (23), निवासी अंबर कॉलोनी, उज्जैन के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे सूने निर्माणाधीन मकानों की रेकी कर वहां से कीमती सामान उड़ाते थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ उज्जैन के विभिन्न थानों में पहले से ही चोरी के कई मामले दर्ज हैं। लसूड़िया पुलिस अब इन्हें रिमांड पर लेकर इंदौर में हुई अन्य चोरियों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, सहकर्मी युवती घायल

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा एबी रोड पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान हिमांशु पिता धर्मेंद्र यादव (25), निवासी सिंगापुर टाउनशिप के रूप में हुई है। हिमांशु अपनी सहकर्मी श्रेया अवस्थी के साथ बाइक से जा रहा था। दोनों एक ही जगह पर नौकरी करते थे और काम के सिलसिले में एबी रोड से गुजर रहे थे। जैसे ही वे इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने पहुँचे, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक आरजे 09 जीडी 6178 के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हिमांशु बाइक से उछलकर ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, श्रेया अवस्थी सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से श्रेया को निजी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उसका उपचार जारी है।

# सब्जी दुकान का शटर उचकाने वाला होशंगाबाद का चोर गिरफ्तार

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक सब्जी दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने होशंगाबाद के आरोपी को दबोचा, जिसके पास से चोरी गई चांदी की चेन और नकदी बरामद कर ली गई है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, बीसीएम प्लानेट के सामने स्थित एक सब्जी दुकान में चोरी की वारदात हुई थी। चोर दुकान के पीछे का शटर चटकाकर गल्ले में रखी नकदी और करीब 60 ग्राम वजन की चांदी की चेन लेकर फरार हो गया था।



पुलिस ने जब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो उसमें एक संदिग्ध व्यक्ति नीले रंग का अपर पहने नजर आया। पुलिस इसी हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही थी। तलाश के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि हुलिए से मिलता-जुलता एक संदिग्ध व्यक्ति राजाराम एवेन्यू के सुनसान इलाके में घूम रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत दबिश देकर घेराबंदी की और आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम तारासिंह कलमे (32), निवासी ग्राम गोटबर्री जिला होशंगाबाद बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने सब्जी दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया।

# साढ़े तीन लाख की एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जारी विशेष अभियान के तहत नारकोटिक्स सेल इंदौर ने नशे के सौदागरों के विरुद्ध एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो अंतरजिला तस्करों को दबोचा है, जिनके पास से 35.80 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत करीब 3.50 लाख रुपये बताई जा रही है।

उप पुलिस अधीक्षक (नारकोटिक्स)




संतोष हाडा के मार्गदर्शन में गठित टीम को सटीक सूचना मिली थी कि तस्कर ड्रग्स की खेप लेकर इंदौर में सप्लाई करने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शाकिर उर्फ बल्लू (26) और अल्फेज खान (25) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी सुसनेर, जिला आगर के निवासी हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से घातक एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, शहर के युवाओं के बीच इस ड्रग्स की मांग को देखते हुए तस्कर इसे दूसरे जिलों से लाकर यहाँ खपाने वाले थे। पुलिस ने ड्रग्स जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।